दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 03

ग्वालियर, बुधवार 28 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

समुद्री चक्रवात इयान ने क्यूबा के पश्चिम तट पर दस्तक दी

हवाना। समुद्री चक्रवात इयान ने मंगलवार को मूसलाधार बारिश और तेज रफ्तार से चलती हवाओं के साथ क्यूबा के पश्चिम तट पर दस्तक दी। यह तूफान तेज गति के साथ उत्तर की ओर बढ़ने और बुधवार तक इसके मैक्सिको की खाड़ी से होते हुए अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के तट पर पहुंचने के आसार हैं। स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े चार बजे सुबह इयान ने क्यूबा के तट पर दस्तक दी। इयान वर्ग-3 का समुद्री चक्रवात है। वर्ग-3 का चक्रवात उस समय कहते हैं, जिसमें हवाओं की गति कम से कम 205 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। एजेंसी ने बताया कि यह चक्रवात प्रचंड होता जा रहा है। अनुमान है कि जब यह चक्रवात फ्लोरिडा के तट पर पहुंचेगा तब तक यह वर्ग-4 के चक्रवात में तब्दील हो जाएगा। क्यूबा की सरकार ने इयान के पहुंचने से पहले ही मुख्य तंबाकू क्षेत्र पिनार डेल रियो प्रांत से 50 हजार से अधिक लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सरकार ने इस द्वीपीय देश में दर्जनों आश्रय स्थल तैयार किए हैं। क्यूबा के पश्चिम तट पर इयान के कारण 14 फुट ऊंची लहरें दिखीं। एजेंसी के वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा कि क्यूबा को पहले से आशंका थी कि प्रचंड चक्रवात और खतरनाक लहरों के साथ भारी बारिश होगी। क्यूबा से आगे बढ़ने पर इयान के मैक्सिको की खाड़ी में पहुंचने पर और ताकतवर होने की उम्मीद है, जिसके कारण बुधवार को इसके फ्लोरिडा तट पर पहुंचने पर हवाओं की रफ्तार बढ़कर 225 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है।

अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का करीबी गैंगस्टर रियाज भाटी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस के क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी गैंगस्टर रियाज भाटी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे मुंबई के अंधेरी इलाके से हिरासत में लिया गया है। भाटी पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। मुंबई क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि भाटी के खिलाफ रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है. मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट और रियाज भाटी के खिलाफ रंगदारी का मामला दर्ज किया गया है. वर्सोवा थाने में मामला दर्ज होने के बाद अपराध शाखा की एंटी एक्सटॉर्शन सेल द्वारा मामले की जांच की जा रही थी. पुलिस के मुताबिक रियाज भाटी और छोटा शकील के रिश्तेदार सलीम फ्रूट ने अंधेरी में एक कारोबारी को जान से मारने की धमकी देकर उससे एक महंगी कार और सात लाख रुपये से ज्यादा की रंगदारी ली. व्यवसायी ने वर्सोवा पुलिस थाना में जाकर मामला दर्ज कराया. मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल को सूचना मिली थी कि रियाज भाटी अंधेरी में एक जगह आ रहा है।

30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे कांग्रेस नेता शशि थरूर

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 30 सितंबर को सुबह 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करने वाले हैं। पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने इसकी जानकारी दी। मिस्त्री ने बताया, थरूर के एक प्रतिनिधि ने इसकी जानकारी दी है कि वह 30 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करने वाले हैं। वैसे, थरूर के करीबी सूत्रों ने पहले कहा था कि लोकसभा सदस्य 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरम्भ हुई तथा 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किये जाएंगे।

बारिश के बाद दिल्ली में बढ़ा डेंगू का कहर, पीड़ित की संख्या 500 पार

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू के मामलों में अचानक बढ़ोतरी हुई हैं। सोमवार को डेंगू के 22 नए मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में डेंगू के लगभग 130 नए मामले सामने आने के बाद इस साल अब तक इससे पीड़ित की संख्या 500 से अधिक हो गई है। राजधानी में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मच्छर जनित बीमारियों के मामलों में तेजी दिखाई दी है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, केवल इसी महीने 21 सितंबर तक डेंगू के 281 मामले सामने आए हैं। वहीं, दिल्ली में 17 सितंबर तक डेंगू के 396 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले कुछ दिनों में 129 नए मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 21 सितंबर तक दर्ज किए गए कुल 525 मामलों में से 75 अगस्त महीने में दर्ज किए गए थे।

दिल्ली के शाहीन बाग समेत 8 राज्यों में पीआईआई के के ठिकानों पर छापेमारी, 170 कार्यकर्ता हिरासत में

नई दिल्ली। इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर सरकार ने अब तेजी से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दूसरे क्रम में अब दिल्ली के शाहीन बाग समेत 8 राज्यों में पीएफआई के ठिकानों पर छापेमारी हुई है। सूत्रों की मानें तो केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, कर्नाटक, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत कुल 8 राज्यों में स्टेट पुलिस छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो आज तड़के सुबह छापेमारी के दौरान देशभर में पीएफआई के 170 वर्कर्स को हिरासत में लिया गया है। बता दें कि पिछले दिनों ही एनआईए-ईडी ने मिलकर पीएफआई पर देश के 15 राज्यों में 96 जगहों पर रेड मारी थी और उसके करीब 100 से अधिक वर्कर्स को गिरफ्तार किया था।

शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि मंगलवार सुबह 6 बजे तक आठ राज्यों में 200 से अधिक जगहों पर छापेमारी के दौरान 170 से अधिक पीएफआई कैडर्स को हिरासत में लिया गया है। वहीं, एक खुफिया नोट में दावा किया गया था कि पीएफआई सरकारी एजेंसियों और बीजेपी और आरएसएस नेताओं और उनके संगठनों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है। सूत्रों की मानें तो दिल्ली में शाहीन बाग, जामिया समेत दूसरे इलाकों में छापेमारी कर कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और लोकल पुलिस थानों की टीमें भी छापेमारी में शामिल थीं और इस दौरान 1 दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया। दरअसल, एनआईए और ईडी ने इनपुट दिया था कि पीएफआई हिंसक प्रदर्शन की योजना बना रहा है। इसके बाद ही इन सभी राज्यों में एक बार फिर से पीएफआई पर कार्रवाई हुई है। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भी पीएफआई से जुड़े लोगों के ठिकानों पर एटीएस की छापेमारी जारी है। वहीं, गुजरात एटीएस द्वारा अहमदाबाद, सूरत और बनासकांठा से 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दरअसल, गुजरात में पीएफआई सक्रिय नहीं है, बल्कि उसकी राजनीतिक पार्टी एसडीपीआई है। सूत्रों की मानें तो जिन 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनके तार विदेशों में बैठे कुछ लोगों से हैं। फिलहाल, गुजरात एटीएस इनकी पड़ताल कर रही है। वहीं कर्नाटक में भी राज्य पुलिस छापेमारी कर रही है। पूरे राज्यभर में रेड मार कर्नाटक पुलिस ने पीएफआई के 45 नेताओं को गिरफ्तार किया है। बता दें कि आतंकवादी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के सिलसिले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बीते गुरुवार को 15 राज्यों में 96 स्थानों पर की गई छापेमारी को अधिकारियों ने 'अब तक की सबसे बड़ी जांच प्रक्रिया' करार दिया था।

टोक्यो में जापान के पीएम से मिले मोदी, की द्विपक्षीय बैठक

-शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में शामिल हो किया स्मरण



नई दिल्ली। जापान के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्रियों में शुमार रहे दिवंगत नेता शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए टोक्यो के एक दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद, मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ÷पीएम किशिदा के साथ एक उपयोगी बैठक हुई। हमने विभिन्न द्विपक्षीय विषयों पर चर्चा की। मैंने पूर्व पीएम शिंजो आबे के दुखद निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की।÷ विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण की अवधारणा में आबे के योगदान का उल्लेख किया। बयान में कहा गया है कि मोदी और किशिदा ने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया, इस क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समूहों और संस्थानों में मिलकर काम किया। मोदी दुनिया भर के उन हजार गणमान्य व्यक्तियों में शामिल हैं, जो मध्य टोक्यो के निप्पॉन बुडोकन अखाड़े में राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे।

बाल विवाह को पूरी तरह रोक करने वाले हरियाणा के कानून को राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाल विवाह को पूरी तरह रोक करने वाले हरियाणा के कानून को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके बाद 15 से 18 वर्ष की आयु के पुरुष और लड़की के बीच वैवाहिक संबंध पूर्ण रूप से अवैध होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद बाल विवाह प्रतिषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2020 लाया गया था। शीर्ष अदालत ने घोषित किया था कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012, एक विशेष कानून होने के नाते, भारतीय दंड संहिता, 1860 और 15 से 18 वर्ष की आयु की नाबालिग पत्नी के साथ यौन संबंध पर लागू होता है। तदनुसार, शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के मौजूदा अपवाद-2 को अमान्य कर दिया, इसके तहत 15 से 18 वर्ष की आयु के पुरुष और उसकी पत्नी के बीच यौन संबंध धारा 375 के तहत परिभाषित बलात्कार के अपराध की श्रेणी में नहीं आता है।

सनकी शख्स ने रूस के स्कूल में की ताबड़तोड़ फायरिंग, 15 की जान गई, 24 घायल

मॉस्को। मध्य रूस में एक स्कूल में सनकी शख्स ने सोमवार खुद को गोली से उड़ाने से पहले ताबड़तोड़ गोलीबारी करके 15 लोगों की जान ले ली वहीं इस घटना में 24 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस की जांच समिति ने ऑनलाइन जारी एक बयान में बताया कि गोलीबारी उदमुर्तिया की राजधानी इझेवस्क के एक स्कूल में हुई। इझेवस्क शहर मॉस्को से करीब 960 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। समिति ने बताया कि मृतकों में 11 बच्चे शामिल हैं वही घायलों में 22 बच्चे हैं। रूस की जांच समिति ने हमला करने वाले बंदूकधारी की पहचान 34 वर्षीय अरर्ट्योम कजांतसेव के रूप में की है, जिसने इसी स्कूल से स्नातक किया है। यह भी बताया गया कि हमलावर ने काले रंग का टी-शर्ट पहन रखी थी जिसपर 'नाजी चिह्न' थे। फिलहाल हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इस गोलीबारी को आतंकवादी घटना करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संबंधित विभागों को सभी जरूरी आदेश दिये हैं। उदमुर्तिया के गवर्नर अलेक्जांद्र ब्रेचालोव ने बताया कि बंदूकधारी ने स्वयं को भी गोली मार ली।

गंगा की सफाई का काम केवल आंखों को धोखा देने वाला, इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

मिशन केवल पैसा बांटने की मशीन रह गई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंगा प्रदूषण मामले की सुनवाई कर नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा के खिलाफ तीखी टिप्पणी कर कहा कि यह मिशन केवल पैसा बांटने की मशीन रह गई है। पैसा कहां खर्च हो रहा इसकी न तो निगरानी की जा रही और न ही कोई हिसाब लिया जा रहा। हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है। कराया जा रहा काम केवल आंखों को धोखा देने वाला है।

टिप्पणी मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति एमके गुप्ता और न्यायमूर्ति अजित कुमार की पूर्णपीठ एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की। केंद्र के जलशक्ति मंत्रालय की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया कि 2014-15 से 2021-22 के दौरान 11993.71 करोड़ विभिन्न विभागों को वितरित किए गए हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में निगरानी कमेटी गठित की गई है। प्रदेश में गंगा किनारे 13 शहरों में 35 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं। 7 शहरों में 15 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव है। 95 फीसदी सीवेज का शोधन किया जा रहा है। एनएमसीजी, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम ग्रामीण एंव शहरी, नगर निगम प्रयागराज सहित कई विभागों की ओर से हलफनामे दाखिल किए गए। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ अभियोग चलाने की राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई है। सरकारी कार्रवाई से कोर्ट संतुष्टि नहीं हुई। कोर्ट ने पूछा कि परियोजना पर कोई पर्यावरण इंजीनियर है या नहीं। इस पर बताया गया कि एनएमसीजी में काम कर रहे सारे अधिकारी पर्यावरण इंजीनियर ही हैं। उनकी सहमति के बिना कोई भी परियोजना पास नहीं होती है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि परियोजनाओं की निगरानी कैसे करते हैं, तब इसका साफ जवाब नहीं मिला। कोर्ट से शिकायत की गई कि कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज सहित अन्य शहरों में लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट मानक के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। सरकारी हलफनामों से इसकी पुष्टि होती दिखाई दी। कानपुर में सारे नाले खुले हैं।

जम्मू में नवरात्रि की धूम कटरा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जम्मू। शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। देशभर से श्रद्धालु पहली नवरात्रि पर माता के दर्शन करने के लिए कटरा पहुंच रहे हैं। कोविड-19 के बाद पहला मौका है जब नवरात्रि उत्सव आयोजित किया जा रहा है। एक तरफ, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रबंध किए गए हैं, वहीं, दूसरी तरफ साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए हैं। इस बार माता के भवन के साथ-साथ पूरे कटरा शहर को सजाया गया है। शहर में जगह-जगह देवियों की अलौकिक मूर्तियां स्थापित की गई हैं। ताकि, देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल मिले। माता का भवन देशी-विदेशी फूलों से महक रहा है। ये फूल खासतौर से श्रीलंका, इग्लैंड से मंगवाए गए हैं। 9 दिन तक कटरा में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कटरा शहर में अलग-अलग आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें रामलीला, माता के जागरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन्हें लेकर श्रद्धालुओ में बहुत उत्साह है। इस बीच लोग माता के जयकारे लगाते हुए भवन की ओर जाते देखे गए। बता दें, प्रथम नवरात्र पर भवन में माता की अलौकिक पिंडियों के दर्शन के लिए श्राईन बोर्ड ने खास प्रबंध किए हैं। सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध हैं। भवन परिसर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात हैं। जम्मू कशमीर पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ के जवान भी तैनात किए गए हैं। यहां माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा हुई। कहा जाता है कि यह देवी भय का नाश कर शांति प्रदान करती है। देवी शैलपुत्री यश, कीर्ति, धन और विद्या देने वाली हैं। ये देवी मोक्ष देने वाली हैं। पहले नवरात्र पर कटरा में उत्सव की शुरुआत हो जाती है। यहां कन्या पूजन के बाद अलग-अलग झांकियां सजाई गई हैं। भेंट प्रतियोगिता के साथ-साथ श्रदालुओं के मनोरजंन के लिए अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें हास्य व्यंग प्रतियोगिता, भेंट प्रतियोगिता, कुश्ती प्रतियोगिता, भागवत सप्ताह, रामलीला, मां की नृत्य नाटिका व अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं।

भावप्रणव अभिनेत्री आशा पारेख प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से होगी सम्मानित

नई दिल्ली। हिंदी फिल्मों की अपने जमाने मशहूर अदाकारा आशा पारेख को उनके भाव प्रणव अभिनय के लिए प्रतिष्ठित दादा साबेब पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को 2020 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि दादा साहब फाल्के पुरस्कार को भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। भारतीय सिनेमा जगत आज जिस मुकाम पर है इसे वहां तक लाने में आशा पारेख का बहुत बड़ा योगदान रहा है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि इस साल दादा साहब फाल्के पुरस्कार बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को दिया जाएगा। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाली वह 52वीं हस्ती होंगी। अनुराग ठाकुर ने कहा, आशा भोंसले, हेमा मालिनी, उदित नारायण झा, पूनम ढिल्लों और टीएस नागभरण की सदस्यता वाली दादा साहब फाल्के समिति ने 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में आशा पारेख को पुरस्कार देने का फैसला किया है। आशा पारेख अपने दौर की सबसे महंगी अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। उन्होंने पंजाबी, गुजराती और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी भी लॉन्च की थी और टीवी शोज भी बनाए। उन्हें साल 1992 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। अनुराग ठाकुर ने आशा के बारे में कहा, %उन्होंने 95 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और 1998 से 2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की अध्यक्ष रहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे दिग्विजय और कमलनाथ

नई दिल्ली। अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले कांग्रेस के अंदर पार्टी नेताओं के बीच खींचतान जारी है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चुनाव में खड़े होने की घोषणा के बाद पार्टी के कई विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था। वहीं, इस बीच पार्टी के कुछ अन्य दिग्गज नेताओं ने अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। इनमें से मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का भी नाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा है कि 30 सितंबर तक इस बारे में चीजें बहुत स्पष्ट हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनके कई साथी इस चुनाव को लड़ने के लिए कह रहे हैं। ऐसी चर्चाएं थीं कि कांग्रेस नेता कमलनाथ भी चुनाव लड़ने को लेकर अपनी दावेदारी जता सकते हैं। हालांकि, कमलनाथ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस बीच, कमलनाथ ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात भी की है। बताया जा रहा है कि वह राजस्थान में पार्टी के अंदर मचे सियासी उथल पथल के बीच एक मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं। इससे पहले कांग्रेस ने राजस्थान में अपने विधायक दल की बैठक रविवार को सीएम अशोक गहलोत के जयपुर स्थित आवास पर बुलाई थी, लेकिन बैठक शुरू नहीं हो पाई है। गहलोत कैंप के ज्यादातर विधायकों ने कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में आने से मना कर दिया था। उन्होंने शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर बैठक की। हालांकि, बैठक में शामिल होने पहुंचे आपदा एवं राहत प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि अशोक गहलोत ही सीएम रहेंगे। उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन नहीं भरा है। जब वह नामांकन कर दें, तब सीएम पद पर बात होनी चाहिए। वहीं गहलोत कैंप के एक और मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष के साथ-साथ राजस्थान का मुख्यमंत्री भी बने रहना चाहिए। उन्होंने सचिन पायलट को इशारों ही इशारों में निशाना साधते हुए कहा कि क्या यह पता नहीं है कि पार्टी के कुछ लोगों ने बीजेपी के साथ मिलकर सरकार को गिराने की साजिश रची थी। ऐसे लोगों के हाथ में सत्ता नहीं सौंपनी चाहिए। ऐसे लोग पार्टी को कमजोर बना सकते हैं। हालांकि, इससे पहले अशोक गहलोत ने कहा था कि मेरी बात सासंद राहुल गांधी से हुई है। इस दौरान राहुल गांधी ने उनसे (गहलोत) से कहा था कि इस बार गांधी परिवार से कोई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगा।

न्यूज़ ट्रैक....

विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने खेल में सुधार कर रहे गुरजंत

बेंगलुरु । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा है कि आगामी विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन के लिए वह अपने खेल में सुधार करने का प्रयास कर रहे हैं। गुरजंत ने कहा कि मैंने उन बातों पर ध्यान दिया है जिन पर मुझे सुधार करने है। मैं एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप में और बेहतर प्रदर्शन करने तैयार हूं। इसके लिए मैंने कई क्षेत्रों में सुधार भी किया है। इस फॉरवर्ड ने कहा कि उन्हें एफआईएच पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अवसर मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में खेलना हर हॉकी खिलाड़ी का सपना होता है। मुझे उम्मीद है कि मुझे हमारे घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट खेलने का मौका दिया जाएगा। इस खिलाड़ी ने कहा कि टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रयास कर रही है। इससे टीम का विश्व कप 2023 से पहले मनोबल बढ़ेगा।

टीम से बाहर होने के दौरान गेंदबाजी पर ध्यान दिया : कुलदीप

चेन्नई । चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा है कि खेल से बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी गेंदबाजी पर विचार किया तब उन्हें समझ आया कि उन्हें तेजी से गेंद फेंकनी चाहिये। कुलदीप ने कहा कि अब वह विफल होने से नहीं डरने। कुलदीप ने भारत की ओर से सात टेस्ट 69 एकदिवसीय और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि जब आप विफल होते तो आप सीखते हो। जब मैंने जनवरी में भारतीय टीम में वापसी की तो मैं असफलता से डरा नहीं था, मैं खेल का आनंद लेना चाहता था। मेरा ध्यान अच्छी गेंदबाजी पर लगा था क्योंकि विकेट मिलना मेरे हाथों में नहीं था। मैं सिर्फ अच्छी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करना चाहता था। कुलदीप ने कहा कि जब मैं चोटिल हुआ और इसके बाद वापसी करने के लिए मुझे मेरी लय समझना बहुत जरूरी था। मैं थोड़ा धीमा था। सर्जरी के बाद मैंने उस लय में बदलाव किया, मैं अधिक नियंत्रण से गेंदबाजी करने लगा। कुलदीप को पिछले साल सितंबर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान घुटने की चोट लगने के बाद सर्जरी करानी पड़ी। वहीं लंबे रिहैब के बाद उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में शामिल किया गया और फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ तीन टी-20 मैचों में भी उन्हें चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह लिया गया।

जुझारु जज्बे के कारण बेहतरीन फिनिशर के तौर पर उभरे हैं वेड

मुम्बई । ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड टी20 क्रिकेट में सबसे बेहतर फिनिशर के तौर पर उभरे हैं। वेड मैदान पर उतरने के बाद तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। भारत के खिलाफ सीरीज में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। वेड तेजी से रन बनाने के साथ ही निचले क्रम में भी बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। वेड गत वर्ष पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से केवल एक बार ही टी20 में आउट हुए हैं। उन्होंने तब पाक के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में 41 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसी कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम फाइनल में पहुंचने के बाद विजेता बनी थी। इसके बाद से ही इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने टी20 में 7 पारी खेली है। जिसमें वह केवल एक बार ही आउट हुए हैं। इन 7 पारियों में वेड ने 170 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए हैं।

रोहित टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक जीत दर्ज करने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने

हैदराबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में जीत के साथ ही कप्तान के तौर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गये हैं जबकि पूर्व कप्तान विराट कोहली तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम को 32 जबकि रोहित की कप्तानी में 33 टी20 मैचों में जीत मिली है। वहीं सबसे अधिक जीत के मामले में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय भारतीय टीम को 42 टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में जीत मिली थी। वहीं एक साल में पुरुषों के टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। टीम इंडिया ने साल 2022 में अभी तक कुल 21 टी20 मैच जीते हैं जबकि पाकिस्तान ने साल 2021 में 20 टी20 मैच ही जीते थे।

वहीं टी20 क्रिकेट में चौथे या इससे निचले क्रम पर आकर साल में सबसे अधिक अर्धशतक के मामले में सूर्यकुमार यादव ने पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार के नाम साल 2022 में अब तक 4 अर्धशतक हैं , वहीं युवराज ने साल 2009 में तीन अर्धशतक लगाये थे।

इसके अलावा विराट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे अधिक रन बनाने के मामले में भी राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया है। कोहली 24078 रनों के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं जबकि द्रविड़ 24064 रनों के साथ तीसरे नंबर पर फिसल गए हैं। इस सूची में सचिन 34357 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ ही नंबर एक पर हैं। भारत ने 9 साल बाद घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को किसी टी20 सीरीज में हराया है। इससे पहले साल 2013 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था। इसके अलावा भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2013 में राजकोट में 202 रन का पीछा कर जीत हासिल की थी।

विश्वकप से पहले सलामी बल्लेबाज राहुल के खराब फार्म पर उठे सवाल

मुम्बई । अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का खराब फार्म भारतीय टीम टीम के लिए चिन्ता का कारण बन गया है। राहुल सर्जरी के बाद से ही वापसी के बाद बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। एशिया कप में भी वह रन नहीं बना पाये। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में भी वह नाकाम रहे हैं। पिछली तीन सीरीज में वह केवल दो अर्धशतक ही लगा पाये हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में केवल एक रन ही बना पाये। सर्जरी के बाद टीम इंडिया के लिए खेले 11 मैचों में अहम अवसरों पर रन बनाने में असफल रहे हैं। ऐसे में विश्व कप के लिए उन्हें पारी की शुरुआत के लिए रखने पर सवाल उठने लगे हैं। टीम के पास अधिक विकल्प नहीं होने का लाभ राहुल को मिल रहा है पर यह टीम के लिए नुकसानदेह हो सकता है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि राहुल ही पारी की शुरुआत करेंगे और विकल्प के तौर पर विराट कोहली को उतारा जा सकता है। विराट ने पिछले एक साल में दो बार टी20 क्रिकेट में पारी की शुरुआत की है। एशिया कप में कोहली ने शतक के अलावा दो अर्धशतक भी लगाये हैं। विराट ने टी20 क्रिकेट में 6 शतक लगाये हैं ये सारे शतक उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए ही लगाये हैं। सलामी बल्लेबाज के लिए विराट के अलावा एक अन्य विकल्प विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी हैं। ऋषभ बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और कुछ मैचों में उन्होंने पारी की शुरुआत भी की है। उनके पारी शुरु करने पर दाये और बाएं हाथ के संयोजन का लाभ भी टीम को मिल सकता है। विराट और ऋषभ के अलावा आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को भी पारी की शुरुआत का अवसर दिया जा सकता है। सूर्या किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार रहते हैं हालांकि उनका पसंदीदा क्रम नंबर चार पर है। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें शायद ही सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक दिवसीय सीरीज में धवन बन सकते हैं कप्तान

मुम्बई । अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभाल सकते हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण को कार्यवाहक कोच की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस एकदिवसीय सीरीज में ऑलराउंडर ऋषि धवन की छह साल बाद वापसी हो सकती है। ऋषि तेज गेंदबाज होने के साथ ही बल्लेबाज भी हैं। ऋषि ने अंतिम बार साल 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेला था। उसके बाद से ही उन्हें टीम में जगह नहीं मिली है। ऋषि को भारत 'ए' की ओर से न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम में वापसी का अवसर मिल रहा है।

लंदन में लेवर कप टेनिस में जीत हासिल करने के बाद उत्साहित टीम वर्ल्ड के खिलाफ ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।

एकदिवसीय टीम के लिए नये कप्तान की तलाश कर रहा ऑस्ट्रेलिया

सिडनी । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अब एकदिवसीय टीम के लिए नये कप्तान की खोज कर रहा है। ऐसे में अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी अपनी दावेदारी पेश करना चाहते हैं। इसके लिए वह उनकी कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने का अनुरोध भी सीए से करेंगे। इससे पहले फिंच ने खराब फॉर्म के कारण एकदिवसीय क्रिकेट की कप्तानी छोड़ दी थी। एकदिवसीय विश्वकप अगले साल भारत में होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनके लिए तीनों प्रारुपों की कप्तानी संभालना संभव नहीं है क्योंकि उन्हें तेज गेंदबाज के रूप में अपना कार्यभार प्रबंधन भी करना है। ऐसे में एकदिवसीय टीम की कप्तानी के लिए वॉर्नर, पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दावेदार हैं क्योंकि कमिंस कप्तानी संभालने के पक्ष में नहीं हैं। कमिंस ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर आप सभी प्रारूपों और हर मैच में खेलने जा रहे थे, तो मुझे नहीं लगता कि यह सही होगा।' उन्होंने साथ ही कहा, 'खास तौर पर एक तेज गेंदबाज के तौर पर मुझे लगता है कि आपको आराम करने के लिए कुछ समय निकालने की जरूरत है पर मुझे लगता है कि आप इसका भी प्रबंधन कर सकते हैं।' कमिंस ने कहा, 'यह ऐसा कुछ नहीं है जिसके बारे में मैंने वास्तव में सोचा है। मैं टेस्ट टीम की कप्तानी करके वास्तव में खुश हूं। कमिंस ने हाल ही में सीए से दक्षिण अफ्रीका में 2018 टेस्ट श्रृंखला के दौरान गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में शामिल होने के लिए बल्लेबाज वॉर्नर पर लगे प्रतिबंध को हटाने का आग्रह भी किया था।

आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही भारतीय टीम हुई मजबूत

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय टीम की नंबर एक स्थान पर पकड़ और मजबूत हुई है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज में मिली जीत से टी20 रैंकिंग में एक अंक का लाभ हुआ है। इस प्रकार अब टीम इंडिया के खाते में 268 रेटिंग अंक हो गए हैं। इसके साथ ही भारतीय टीम की दूसरे स्थान पर रही इंग्लैंड से बढ़त बढ़कर सात अंकों की हो गई है। इंग्लैंड के 261 रेटिंग अंक हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया को सीरीज हारने से नुकसान हुआ है। उसका एक रेटिंग पॉइंट कम हुआ है और वो 250 अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गयी है हालांकि उसके पास टी 20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में जीत हासिल कर अपने रैंकिंग अंक बेहतर करने का अवसर है। वहीं पाकिस्तान को टी20 सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड पर मिली जीत से भी भारत को लाभ मिला है और रैंकिंग में शीर्ष पर चल रही भारतीय टीम की स्थिति और बेहतर हुई है क्योंकि दूसरे स्थान पर चल रही इंग्लैंड से उसका अंकों का अंतर बढ़ा है। दूसरी ओर पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टी20 रैंकिंग में 258 रेटिंग अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। अब अगर पाक टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के बाकी बचे 3 मैच जीत लेती है तो वह इंग्लैंड की जगह दूसरे स्थान पर आ जाएगी। वहीं अगर इंग्लैंड टीम बाकी बचे 3 मैच में से अगर एक भी जीत लेती है तो वह दूसरे स्थान पर बनी रहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पास भी भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली टी20 जीतकर अपनी रैंकिंग बेहतर करने का अवसर है।

व्यापारन्यूज

सोने में गिरावट , चांदी में हल्की तेजी

नई दिल्ली । घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई है पर चांदी में हल्की तेजी का रुख है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के दाम शुरुआती कारोबार में 0.06 फीसदी बढ़े हैं जबकि चांदी के बंद भाव में 0.08 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी है। एमसीएक्स पर 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना सुबह 30 रुपये बढ़कर 49,180 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं वायदा बाजार में सोना 49,190 रुपये के स्तर से शुरू हुआ। इसके बाद यह 49,176 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में आज चांदी के भाव में हल्की तेजी रही। चांदी की कीमतें आज 49 रुपये बढ़कर प्रति किलो 55,395 रुपये पहुंच गयी हैं। चांदी में आज ट्रेडिंग 55,577 रुपये से शुरू हुई थी पर कुछ देर बाद ही इसके दाम नीचे आकर 55,390 रुपये पहुंच गये। इसके बाद इसमें थोड़ी तेजी आई और यह 55,395 पर कारोबार करने लगा। सोने का हाजिर भाव आज 0.86 फीसदी टूटा है।

रुपया बढ़त के साथ खुला

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन रुपये में ये तेजी अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी से आई है। इससे शुरुआती कारोबार में ही रुपया डॉलर के मुकाबले 37 पैसे बढ़कर 81.30 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 81.45 पर खुला और बढ़त के साथ ही 81.30 पर पहुंच गया। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 37 पैसे की बढ़त आई। इससे पहले रुपया गत दिवस डॉलर के मुकाबले 58 पैसे नीचे आकर 81.67 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

देश में संतरे की फसल को भारी नुकसान

नागपुर । इस बार संतरे की फसल में भारी नुकसान देखने को मिल रहा है। पहले भीषण गर्मी, लू, और फिर अत्यधिक बारिश ने संतरे की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्ना में भी इस बार फसल अच्छी नहीं है। लगभग 60 फीसदी से ज्यादा उत्पादन में गिरावट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तेज गर्म हवाओं के कारण पहले संतरे के फूल झड़ गए थे। अब तेज बारिश के कारण फसल बर्बाद हुई है।क्रम उत्पादन के कारण इस बार संतरे के दाम बढ़े हुए रहेंगे।

शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला : सेंसेक्स 232 अंक और निफ्टी 95 अंक उछला

मुंबई । मुम्बई शेयर बाजार की मंगलवार को तेज शुरुआत हुई। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन निवेशकों की जबरदस्त खरीददारी से बाजार में उत्साह का माहौल दिखा और ये पिछले दिनों से जारी गिरावट से उबरता दिखा। दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी निवेशकों की खरीददारी से बाजार को बल मिला है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज सुबह 232 अंक ऊपर आकर 57,377 पर पहुंच गया जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 95 अंक बढ़कर 17,111 पर खुला और इसी के साथ ही कारोबार शुरु हुआ। निवेशकों की लिवाली के कारण बाजार के खुलते ही उसमें तेजी आने लगी।

निवेशकों ने पावर ग्रिड , एनटीपीसी, इंफोसिस, आईटीसी, नेस्टले इंडिया जैसी कंपनियों के शेयरों की लगातार खरीदारी की जिससे इन कंपनियों के स्टॉक्स लाभ में पहुंच गये पर टेक महिन्द्रा , कोटक बैंक, टाइटन और एचडीएफसी जैसी कंपनियों के शेयरों में आज बिकवाली हावी रही, इससे ये शेयर नुकसान में आये। कारोबार को अगर क्षेत्रवार ध्यान दिया जाये तो उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, तेल व गैस और उर्ज क्षेत्र के शेयरों में तेजी रही। वहीं दूसरी ओर वाहन , धातु और संपत्ति क्षेत्र के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर कारोबार करते हुए दिखे। निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.6 फीसदी की गिरावट रही है। इसके अलावा निफ्टी वाहन और धातु क्षेत्र में एक फीसदी से ज्यादा का उछाल रहा है। दूसरी ओर एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार आज सुबह बढ़त के साथ खुले और हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज आज सुबह 0.21 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा है, जबकि जापान का निक्केई 0.67 फीसदी के उछाल पर है. ताइवान के शेयर बाजार में भी 0.57 फीसदी का उछाल दिख रहा है, लेकिन दक्षिण कोरिया का कॉस्पी आज सुबह 0.11 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी है जबकि अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही। टोक्यो और शंघाई के बाजार लाभ के साथ ही हरे रंग पर हैं जबकि सोल तथा हांगकांग के शेयर गिरे हैं।

सुजलॉन एनर्जी का शेयर 45 प्रतिशत छूट के साथ मिलेगा

नई दिल्ली । उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में सुजलॉन एनर्जी के शेयर आज सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। कारण है कि कंपनी के बोर्ड ने कंपनी के शेयरों के राइट इश्यू के जरिए 1200 करोड़ का फंड जुटाने की मंजूरी दे दी है। नए एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने 240 करोड़ इक्विटी शेयर 5 प्रति शेयर की कीमत पर जारी करने की मंजूरी दे दी है। सुजलॉन एनर्जी के शेयर की कीमत सोमवार को 11-26 मिनट तक 8.40 रुपये है। इसका मतलब है कि शेयरों का राइट इश्यू करीब 45 प्रतिशत के डिस्काउंट पर खरीदा जा सकता है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि कंपनी के बोर्ड ने 25 सितंबर को हुई बैठक में 240 करोड़ शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राइट्स इश्यू होने से इन शेयरों को खरीदने का अधिकार मौजूदा शेयरधारकों को ही होगा। कंपनी दो रुपये के मूल्य वाले 240 करोड़ शेयरों की पेशकश 5 रुपये प्रति शेयर पर देगी। इस तरह इस शेयर बिक्री से कंपनी 1,200 करोड़ रुपये जुटाएगी।

सुजलॉन एनर्जी ने कहा कि शेयरधारक 21 पूरी तरह पेड इक्विटी शेयरों के लिए 5 राइट्स शेयरों को जारी किया जाएगा। इसका मतलब यह है कि मौजूदा 21 शेयरों पर 5 इश्यू राइट्स खरीदे जा सकते हैं। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि अगर किसी पात्र इक्विटी शेयरधारक की शेयरधारिता 5 या अधिक है, तो ऐसे शेयरधारक कम से कम 1 इक्विटी शेयर के हकदार होंगे।

सुजलॉन के शेयर साल 2022 के दौरान बेयर्स के पसंदीदा 'सेल ऑन राइज' स्टॉक बने रहे। पिछले एक महीने में इस शेयर ने लगभग 11 फीसदी का रिटर्न दिया है, लेकिन साल-दर-साल के हिसाब से देखें तो यह स्टॉक लगभग 15 फीसदी लुढ़क गया है। वहीं, सितंबर की शुरुआत में सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर एक टाइपिंग मिस्टेक की वजह से 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा था। हालांकि, बाद में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स ट्रस्टी ने स्पष्ट किया था कि उसके पास जो अतिरिक्त शेयर हैं वो अडानी ग्रीन एनर्जी के नहीं बल्कि सुजलॉन एनर्जी के हैं। इसके पहले एसबीआई ट्रस्टी ने कहा था कि उसके पास जो अतिरिक्त शेयर हैं वे अडानी ग्रीन एनर्जी के हैं। ट्रस्टी ने कहा है कि वो एक टाइपिंग असावधानी थी।

नए अवतार में आई मारुति सुजुकी की ग्रैंड विटारा, दाम 10,45 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली । देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों की कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने नए मॉडल ग्रैंड विटारा को नए अवतार के रूप में पेश किया है। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उसने तेजी से बढ़ते मध्यम आकार के एसयूवी खंड में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए यह मॉडल बाजार में उतारा है। नये ग्रैंड विटारा की दिल्ली में शोरूम कीमत 10.45 लाख रुपये से 19.65 लाख रुपये के बीच है। यह मॉडल मजबूत और हल्की हाइब्रिड तकनीक से लैस है और इसका मुकाबला हुंदै क्रेटा, किआ सेल्टोस और टाटा हैरियर से होगा। एमएसआई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी टेकुची ने बयान में कहा कि ग्रैंड विटारा एक स्वच्छ, हरित और कार्बन मुक्त दिशा को खोलती है। इस मॉडल को 10.45 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ बेहद प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल की अब तक 57,000 से अधिक इकाइयां बुक की जा चुकी है। एमएसआई देश भर में लगभग 420 नेक्सा डीलरशिप के जरिए इस मॉडल की बिक्री करेगी। हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ यह गाड़ी 27.97 किलोमीटर प्रति लीटर की ईंधन दक्षता का वादा करती है।

हाईब्रिड कारों की कम होगी कीमत! सरकार कर रही है खास योजना पर काम

नई दिल्ली । केंद्र सरकार हाईब्रिड कारों पर टैक्स को कम करने की योजना बना रही है। सरकार अब जल्द ही एमिशन नॉर्मस के आधार पर टैक्स का निर्धारण करने की योजना बना रही है। यदि ऐसा होता है तो हाईब्रिड कारों पर टैक्स रेट कम होगी और इसकी कीमत पर भी खासा असर पड़ेगा। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव अरुण गोयल ने इस संबंध में जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार गोयल ने बताया कि सिआम पैनल में चर्चा के बाद इस ओर ध्यान दिया गया। उनके अनुसार अब इंडस्ट्री की तरफ से मिल रहे फीडबैक पर काम किया जा रहा है और टैक्स रेट्स को एमिशन नॉर्म्स के अनुसार बनाया जा रहा है। अब एक्सपर्ट्स ग्लोबल के साथ ही घरेलू डाटा का एनालिसिस कर रही है, इसके साथ ही डिमांड को भी समझने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल ईवी पर केवल 5 प्रतिशत टैक्स लगाता है। माइल्ड हाईब्रिड कारों पर 29 प्रतिशत और स्ट्रॉन्ग हाईब्रिड कार पर ये टैक्स 43 प्रतिशत तक है। वहीं इंटरनल कंबशन इंजन (सब 4 मीटर 1200 सीसी इंजन के साथ) पर 29 प्रतिशत, वहीं इसी सेगमेंट में 1.5 लीटर इंजन होने पर 31 प्रतिशत और 4 मीटर से लंबी कारों पर 45 प्रतिशत टैक्स लगता है।ईवी के बाद यदि कोई बेहतर टेक्नोलॉजी है तो वो हाईब्रिड कंबशन इंजन है। इसमें दो तरह से पावर जनरेशन होती है। पेट्रोल इंजन के साथ ही इलेक्ट्रिक मोटर भी पावर जनरेट करती है। दोनों की कंबाइंड पावर से व्हीकल मूवमेंट होता है। ऐसे में माइलेज काफी अच्छा आता है। साथ ही ये कार पॉल्यूशन भी काफी कम करती है। बता दें कि देश में ईवी से पहले हाईब्रिड कारों ने दस्तक दी। अपनी अच्छी परफॉर्मेंस, कम पॉल्यूशन और ज्यादा माइलेज के बावजूद इन गाड़ियों को जैसा रेस्पांस मिलना चाहिए था वो नहीं मिल सका। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण था हाईब्रिड कारों की ऊंची कीमत। हाईब्रिड कार्स की टेक्नोलॉजी पहले ही बेहद महंगी साबित हो रही थी कि सरकार ने इस पर टैक्स भी काफी लगा दिया।

700 सीसी के तीन पहिए वाला ई-रिक्शा लॉन्च

नई दिल्ली । क्या आपने 700 सीसी के रिक्शा के बारे में सुना है। जी हां, बैंकॉक की एक कंपनी ने 700 सीसी के तीन पहिए वाले रिक्शे को लॉन्च किया है। ये ई रिक्शा अच्छी-अच्छी स्पोर्ट्स बाइक को टक्कर दे रहा है। इसके लॉन्च के साथ ही ये बैंकॉक के युवाओं में काफी पॉपुलर हो गया है। बैंकॉक की ईवाट कंपनी ने इस रिक्शे को लॉन्च किया है। ये कंपनी ज्यादातर इलेक्ट्रिक वाहन ही बनाती है। बैंकॉक में तीन पहिया वाले रिक्शे को टुकटुक कहते हैं। इंडिया की तरह ही थाईलैंड की सड़कों पर आपको टुकटुक की सर्विस आसानी से देख सकेंगे। ये रिक्शा अपने एग्जॉस्ट के कारण काफी चर्चा में है। जिस तरह से स्पोर्ट्स बाइक में लगा एग्जॉस्ट एक बफिंग साउंड करता है उसी तरह से इस रिक?शे की भी आवा है। थाईलैंड के युवाओं में इस रिक्शे को लेकर काफी क्रेज देखा जा रहा है। कंपनी ने इस रिक्शे को ईवाट बैंकॉक मॉडल टूक-टूक नाम से लॉन्च किया है। स्पीड के मामले में भी यह टुकटुक सामान्य बाइक से ज्यादा तेज चलता है। कीमत अधिक होने के कारण बहुत कम लोग इसमें सवारी करते हैं। हालांकि पर्यटकों के बीच ये काफी पॉपुलर हो गया है। इस तीन पहिए वाली 700सीसी के रिक्शे को फिलहाल बैंकॉक में ही लॉन्च किया गया है। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए कंपनी अन्य देशों में भी लॉन्च करने पर विचार कर रही है। ईवॉट.कॉम वेबसाइट पर जाकर इसके बारे में अधिक जानकारी ले सकते हैं। कंपनी ने रिक्शा लॉन्च करते समय यह दावा किया था कि सेफ्टी के मामले में यह अन्य टुकटूक से ज्यादा सेफ है। मालूम हो कि हमारे देश में लोग कम दूरी तय करने के लिए तीन पहिए वाली इलेक्ट्रिक ई रिक्शा में सफर करते हैं। सरकार भी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है। इसे खरीदने पर अलग अलग राज्य की सरकारें सब्सिडी देती है। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों से भी यात्री बच जाते हैं। इसी बीच देश में कई अलग-अलग कंपनियों के ई रिक्शा और स्कूटर लॉन्च हो चुके हैं।

बच्चों में जल्दी उठने की आदत डालें

अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा होशियार हो तो सुबह उसे जल्दी उठने के लिए प्रेरित करें। सुबह उठने से बच्चे तरोताजा रहने के साथ ही स्वस्थ भी रहते हैं। सुबह का समय पढ़ाई के लिए अच्छा रहता है। अध्यन से यह पता चला है कि जो लोग सुबह के समय जल्दी उठते हैं उन्हें परिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। बच्चों को सुबह उठने की आदत से आगे भी अपने कैरियर में लाभ होगा। आपको इस आदत से जरूर फायदा पहुंचेगा। सुबह के समय आपका दिमाग अधिक सजग रहता है। इसलिए सुबह के वक्त आप अपने काम में अधिक ध्यान लगा सकते हैं। ऐसा करने से यह काम और अधिक अच्छे से होता है। सुबह के वक्त माहौल काफी शांत रहता है, इसलिए हर काम अच्छे से होता है और आपकी रचनात्मक शक्ति भी बढ़ती है। ज्यादातर सफल लोग सुबह के समय जल्दी उठते हैं।

अगर बच्चे सुबह के समय जल्दी उठते हैं तो आप पूरे दिनभर ऊर्जावन रहते हैं। साथ ही हर काम को काफी उत्साह के साथ करते हैं। अगर बच्चे हमेशा से ही सुबह के समय देर से उठते आएं हैं तो सुबह जल्दी उठना उनको बिल्कुल पसंद नहीं होगा। लेकिन सुबह जल्दी उठने के कई फायदें हैं। उन्हें समझायें कि सुबह जल्दी उठने वाला व्यक्ति अपना हर काम समय पर करता है। उसके पास दिन में अपने बाकि काम निपटाने के लिए काफी समय होता है। सुबह जल्दी उठने की आदत के कारण, आप अपनी ज़िंदगी में कितना कुछ पा सकते हैं।

जब आप जल्दी उठते हैं तो आपके पास अपने काम पूरा करने के लिए काफी समय होता है। आप ज्यादा काम करते हैं और आपका दिन काफी अच्छा रहता है। समय की कमी ना रहने के कारण आप अपने वो काम पूरे कर सकते हैं, जो आप करना पसंद करते हैं, जैसे कि किताबे पढ़ना, एक्सरसाइज़ करना, योगा करना या घूमना- फिरना आदि। इसके अलावा आप अपने दिन को अच्छे से प्लान कर सकते हैं या आपको कल क्या करना अगर आपका बच्चा देर से उठता है तो धीरे-धीरे उसका समय बदलें। अचानक ही कोई बड़ा बदलाव ना करके पहले छोटे कदम बढ़ाएं। कुछ ही समय में वह जल्दी उठने लगेगा।

रात को जल्दी सोने भेजें

अगर आपको और बच्चे को सुबह जल्दी उठना है तो यह काफी जरूरी है कि आप रात को जल्दी सोएं। अपना फेवरेट टीवी शो देखने या फिर इंटरनेट पर सर्फिंग करने की वजह से हो सकता है कि आप देर से सोते हों। लेकिन अगर आप मन में यह बात ठान लें कि आपको सुबह जल्दी उठना है, तो आपको रात को जल्दी सोने में दिक्कत नहीं होगी और आप सुबह जल्दी उठेंगे। अगर आप जगेंगे तो बच्चा भी नहीं सोयेगा। अलार्म क्लॉक को अपने बिस्तर से थोड़ी दूरी पर सेट करके रखें, ताकि जब यह बजे तो आपको इसे बंद करने के लिए अपने बिस्तर से उठना पड़े। अगर आप अलार्म क्लॉक को अपने पास रखेंगे तो हो सकता है कि आप इसे बार-बार स्नूज़ पर डाल दें और सोते ही रह जाएं।

पढ़ाई का समय तय करें

सोने से पहले अपने अगले दिन का पूरा कार्यक्रम तैयार कर लें। जो काम आपको कल करने हैं, उन्हें डायरी में लिख कर रख लें। ऐसा करने से आप यह सोच कर उत्साह से भरे रहेंगे कि आपको अगले दिन यह काम करना है। इसके साथ ही बच्चों का होमवर्क भी समय पर पूरा हो जाएगा।

मॉनसून में बच्चों को पेट दर्द से ऐसे मिलेगी राहत

मॉनसून में अक्सर बच्चों को पेटदर्द से संबंधित शिकायतें रहती हैं। इस मौसम में बच्चों की पाचन क्रिया में कई तरह की शिकायतें देखने को मिलती हैं। ऐसे में फास्ट फूड से तो बच्चों को दूर रखना चाहिये। इसके साथ ही इस प्रकार का आहार उन्हें दें जिससे वह सेहतमंद रहें।

- पेट दर्द से राहत दिलाने के लिए बच्चों को केला दिया जा सकता है। केले में जरुरी पोषक तत्व होते हैं जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है।
- ये मौसम बेशक आम का है, पर पेट दर्द में बच्चों को आम की जगह सेब देना अच्छा रहता है। सेब ऑयरन से भरपूर है और फाइबर से भरपूर होने की वजह से इसे पचाने में भी आसानी होती है।
- बिना तेल, मसाले के बनी मूंग की दाल की सादी खिचड़ी खाएं। ये पचाने में आसान होती है और पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है।नारियल पानी पीना भी पेट दर्द में फायदेमंद होता है। साथ ही यह आपके बच्चे को पानी की कमी से भी बचाती है।

इस प्रकार हमेशा आपके करीब रहेंगे बच्चे

आजकल व्यस्त होने के कारण अभिभावक बच्चों को सारी सुविधाएं मुहैया कराने के फेर में उन्हें समय देना ही भूल जाते हैं। उन्हें लगता है कि जब बच्चों को सब मिल रहा है तो उनके साथ बैठना की क्या जरुरत है पर यह सही नहीं है। इससे बच्चे सही या गलत का भेद भूल कर अपने तरीके से फैसला लेने लगते हैं जो नुकसानदेह भी हो सकता है। सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे हमेशा खुश रहें। मां-बाप बच्चों को हर खुशी देने के लिए रात-दिन काम करते है जिससे उन्हें चाहते हुए भी बच्चों के लिए समय ही नहीं मिलता । जिस वजह से बच्चे उनसे दूर हो जाते हैं और अवसाद के शिकार हो जाते हैं। अगर आप अपने बच्चों को खुश रखना चाहते हैं तो इस प्रकार रहें।

बेहतर करने की प्रेरणा दें

आपका बच्चा अगर कोई अच्छा काम करता है तो उसकी तारीफ करें और इससे भी बेहतर करने की प्रेरणा दें। इससे वो खुश भी होगा और आगे और भी अच्छा काम करेने की कोशिश करेगा।

समय बिताएं

काम में व्यस्त होने के कारण अभिभावक बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पाते। जब भी आपको काम से फुर्सत मिले अपने बच्चों के साथ समय बिताएं। इससे बच्चे आपके करीब आएंगे।

घर में खुश रहें

कई लोगों पर आफिस के तनाव का प्रभाव घर पर भी दिखता है। इससे साथ इससे घर का माहौल खराब होता है। इसलिए आफिस का गुस्सा और तनाव घर पर न लाएं। जब भी घर आएं खुश होकर ही आएं। आपके चेहरे की खुशी उनको भी खुश कर देगी।

ध्यान से सुनें बच्चों क बातें

अगर आपका बच्चा आपसे कोई बात करता है तो उसकी बात को ध्यान से सुने और समझें। उनकी जरुरतों को आपसे ज्यादा कोई नहीं जानता इसलिए उनकी बातों पर ध्यान दें और उन्हें पूरा करें।

अच्छी बातें सिखाएं

बच्चों को सिखाएं कि अगर कोई आपकी मदद करता है तो उसे धन्यवाद जरुर करें।

बच्चों को दवा देते समय रखें सावधानी

बच्चों को दवा देते समय पूरी सावधानी रखनी चाहिये नहीं तो वे बार बार बीमार पड़ेंगे। अक्सर जब आपके बच्चे बीमार पड़ते हैं तब आप उसे डॉक्टर के पास लेकर जाते हैं, और डॉक्टर के द्वारा गई दवाओं और उनके दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं। इसके बाद भी कभी-कभी अभिभाव कुछ गलतियां कर बैठते हैं जिसका नुकसान आपके बच्चे को भुगतना पड़ता है। दरअसल जब बच्चे बीमार होते हैं तब आप सोचते हैं कि वह कितनी जल्दी ठीक हो जाएं, और वह हो भी जातें हैं। जब आप डॉक्टर के द्वारा दी गई दवा का पूरा खुराक या कोर्स पूरा नहीं करते हैं, तब वह बच्चों में जल्दी और दुबारा बीमार होने के कारण को पैदा करता है।

- कई मामलों में ज्यादातर अभिभावक बच्चों को बीमारी से आराम आते ही दवा खिलाना बंद कर देते हैं क्योंकि, उन्हें लगता है कि अब बच्चे ठीक हो गए हैं तो ज्यादा दवा देना सही नहीं है लेकिन, कई बार ऐसी चीजें गलत हो जाती हैं, क्योंकि जब आप दवा के कोर्स को अधूरा छोड़ देती हैं तो परिणाम यह होता है कि बच्चे फिर से बार-बार बीमार पड़ने लगते हैं।
- हालाँकि, इन मामलों में डॉक्टरों का मानना है कि बच्चे को दवा की पूरी खुराक नहीं देना ही बच्चों के बार-बार बीमार पड़ने की वजह होती है।

ऐसे में हमेशा दवाई की पूरी डोज दें

संक्रमण का खतरा

जब आप किसी भी दवा की खुराक पूरा नहीं करती हैं तब इस तरह के संक्रमण का खतरा रहता है क्योंकि, जब तक बच्चे के शरीर में दवा का



असर रहता है तब तक वो ठीक रहते हैं और जैसे ही आप दवा बंद करती हैं वैसे ही संक्रमण दुबारा से शरीर पर हमला बोल देते हैं। इसलिए डॉक्टर के अनुसार आप दवा की पूरी खुराक अपने बच्चे को दें।

बीमारी जड़ से नहीं मिटती है

- यह बिल्कुल सच है कि जब आप डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा का कोर्स पूरा नहीं करती हैं तब बीमारी जड़ से खत्म नहीं होती है। कुछ मामलों में बच्चे ठीक होने की बजाय और अधिक बीमार होने लगते हैं।
- अक्सर आपने देखा होगा कि हर दवाई का एक खुराक होता है, जिसे पूरा करने पर ही वह शरीर में असर करता है। इसलिए डॉक्टर हमेशा डोज को ध्यान में रख कर ही किसी को दवा लिखते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि कौन से दवा का कितना डोज दिया जाना चाहिए हालाँकि, अभिभावक बच्चों को दवाई देने और बंद करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें क्योंकि, आपकी एक गलती बच्चों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है।

बच्चों के पेट में कीड़ों का करें घरेलू उपाय

बच्चों के पेट में कीड़े होना बेहद आम समस्या है, और लगभग 10 में से 7-8 बच्चों को यह समस्या होती ही है हालाँकि, कुछ समय तक तो यह पता भी नहीं चल पाता कि बच्चे को पेट में कीड़े हुए हैं। यह कीड़े बच्चे को अंदर ही अंदर बहुत परेशान करते हैं लेकिन यदि आप थोड़ी सी सावधानी बरतें, तो इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है, वह भी बिना किसी डॉक्टरी सलाह के। ऐसे में, हम यहाँ कुछ ऐसी ही घरलू औषधियों के बारे में बता रहे हैं, जिनके प्रयोग से बेहद आसानी से पेट के कीड़ों से मुक्ति पाई जा सकती है। प्याज का रस- प्याज का रस पेट के कीड़ों के लिए बहुत कारगर होता है। सुबह खाली पेट बच्चे को एक प्याज का रस निकाल कर पिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से राहत मिलती है।

- **करेला-** करेले का रस भी पेट के कीड़ों के लिए बहुत उपयुक्त होता है लेकिन, इसका सेवन बच्चे शायद न कर पाएं। लेकिन, यदि इस प्रकार की समस्या बड़े लोगों को हो तो वह इसका प्रयोग कर सकते हैं।
- **हल्दी-** सुबह के समय खाली पेट एक चम्मच और बच्चा छोटा हो तो आधी चम्मच हल्दी का गुनगुने पानी के साथ सेवन कराने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। कच्ची हल्दी को गुड के साथ मिलाकर गोली बना कर सेवन भी किया जा सकता है।
- **निम्बू और शहद-** नीबू पत्तों के रस को शहद में मिलाकर सुबह खली पेट चाटने से पेट के कीडे जल्दी ही मर जाते हैं।
- **गुनगुने पानी में नमक का सेवन-** यदि गुनगुने पानी में सुबह के समय खाली पेट थोड़ा सा साधारण नमक डालकर सेवन किया जाए तो पेट के कीड़े बहुत जल्दी मरकर बाहर निकल जाते हैं।
- **टमाटर और काला नमक-** टमाटर में एक दो चुटकी काला नमक मिला कर सुबह खाली पेट बच्चे को खिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से निजात मिलती है।
- **लहसुन की चटनी-** लहसुन की चटनी भी पेट के कीड़ों में बहुत फायदेमंद होती है। इसके नियमित सेवन से पेट में कीड़े नहीं होते हैं।

बच्चे इस प्रकार संक्रमण से बचेंगे

बच्चों को बीमारी से बचाने का एक तरीका उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर किया जा सकता है। किसी की भी रोग प्रतिरोधक क्षमता का बेहतर होना बेहद जरूरी होता है। खासकर बच्चों का क्योंकि, बच्चे संक्रमण की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। ऐसे में रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर बीमारियों का असर जल्दी होता है, इसकी मुख्य वजह यह है कि शरीर कमजोर हो जाता है और हम जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं।

हालाँकि, कई विशेषज्ञों का यह मानना है कि अधिकतर बच्चो को जुकाम खांसी और बुखार की समस्या मौसम बदलने के कारण होती है, लेकिन अगर आप अपने बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा दें तो ऐसी संक्रमण वाली बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। ऐसे में बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए यह तरीके अपनाएं।।

- **बच्चे को स्तन पान कराएं-** मां के दूध में प्रतिरोधी क्षमता मजबूत बनाने के सारे गुण मौजूद होते है। माँ का दूध बच्चों के लिए अमृत समान होता है, इतना ही नहीं यह बच्चों में संक्रमण, एलर्जी, दस्त, निमोनिया, दिमागी बुखार, और अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम के खिलाफ लड़ने के लिए भी मजबूत बनाता है। ऐसे में बच्चे को जन्म लेने के साथ-साथ ही स्तनों से बहने वाले गाढे पतले पीले दूध को कम से कम 2-3 महीने तक जरुर पिलाएं।
- **बच्चे को हरी सब्जी खिलाएं-** अपने बच्चे को खाने में गाजर, हरी बीन्स, संतरे, स्ट्रॉबेरी जैसे सभी को चीज़ों को शामिल करें, क्योंकि यह विटामिन सी और कैरोटीन युक्त होते हैं। जो आपके बच्चे की प्रतिरोधी क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। ऐसे में बच्चों को अधिक से अधिक फल और सब्जियों को उनके खाने में शामिल करें, ताकि बच्चे को संक्रमण से लड़ने में मदद मिल सके।
- **बच्चे को भरपूर नींद लेने दें-** बच्चों में नींद की कमी होने पर प्रतिरोधी क्षमता तो कमजोर होती ही साथ ही आपका बच्चा बीमारी का अधिक शिकार होने लगता है। जिससे कि नवजात में स्वास्थ्य मुश्किलें बढ़ जाती है। हालाँकि, नवजात बच्चों को एक दिन में 18 घंटे की नींद तो वही छोटे बच्चों को 12 से 13 घंटे की नींद की आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा युवा बच्चे को रोजाना 10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।
- **धूम्रपान के धुएं से बचाएं-** आपके घर में कोई सदस्य धूम्रपान करता है तो बच्चों की सेहत का ध्यान रखते हुए उसे छोड़ दें। सिगरेट के धुआं शरीर में कोशिकाओं को मार सकते हैं। इसके अलावा सिगरेट बीड़ी में कई अधिक विषाक्त पदार्थों शामिल होते है जो अतिसंवेदनशील बच्चों के रोग नियंत्रण शक्ति को प्रभावित कर इम्युनिटी को कमजोर करते है।
- **बच्चों को कम से कम दवा दें-** कई बार अभिभावक अपने बच्चों को लेकर अधिक सवेंदनशील हो जाते हैं। खासकर जब बच्चे को सर्दी, फ्लू या गले में हल्की खराश होने पर डॉक्टर को एंटीबायोटिक देने को कहते है। अधिकतर एंटीबायोटिक्स केवल बैक्टीरिया की वजह से होने वाली बीमारियों का इलाज करते हैं जबकि बचपन में अधिकतर बिमारियां वायरस के कारण होती हैं।
- **संक्रमण के खतरों से बचाएँ-** अपने बच्चे को बीमारियों से बचाने के लिए संक्रमण वाले जीवाणु से हमेशा बचा कर रखें। आप बच्चों को कीटाणुओं से बचाने के लिए बचपन से ही हाथ धोने के बाद ही हाथों को होठों के पास लाने और कुछ खाने के बारे में बताएं।

भय मुक्त होते मुस्लिम संगठन

पिछले 8 वर्षों में मुस्लिमों को केंद्र बिंदु में रखकर भाजपा ने मुस्लिमों के खिलाफ कई ऐसे कार्यक्रम चलाए। जिससे वह डरे हुए थे। कोई चुनौती भाजपा को नहीं दे रहे थे। मुस्लिमों को अब यह लग रहा है कि डरे रहने से उनका कोई भला होने वाला नहीं है। पिछले कई वर्षों से भाजपा और उसके अनुवांशिक संगठनों ने मुस्लिमों को खिलाफ जिस तरह से नफरत का वातावरण फैलाया, हिंसा हुई। मुस्लिमों का हर स्तर पर उन्हें डराने और धमकाने का काम किया। राम मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला मुस्लिमों ने भारी मन से स्वीकार कर लिया। इसे भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार ने इसे अपनी सबसे बड़ी जीत माना। उसके बाद से ही अनुवांशिक संगठन जिनमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और उनसे जुड़े हुए संगठनों ने मिलकर मथुरा और काशी का विवाद उग्र कर दिया ताजमहल में भी हिंदू मंदिर की बात करके मुसलमानों मैं जो भय उत्पन्न किया गया। उस आग में घी डालने का काम ज्ञानवापी मस्जिद ने कर दिया। 80-20 का प्रभाव चुनावों में दिख रहा था। इसी बीच 15 राज्यों में जिसमें दक्षिण भारत के पांच राज्यों में छापामार कार्यवाही शुरु हो गई। सैकड़ों मुस्लिमों को टेरर फंडिंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया मुस्लिम समाज में हुई। एक तरह से ईडी ने जिस तरह की कार्रवाई की थी उससे मुस्लिमों को 1975 के आपातकाल की भी याद आ गई। पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षों से सामाजिक संगठन के रुप में काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से इसे एक कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन बताकर आतंकवाद फैलाने वाला संगठन बताया गया। एनआईए और ईडी इसको राडार पर लिए हुई थी। एक साथ डाले गए छापे और गिरफ्तारी ने मुस्लिमों को अब भय से एक तरह से मुक्त कर दिया है। वह अपने वर्चस्व एवं सुरक्षा की लड़ाई के लिए खुलकर मैदान में आ गए हैं। वर्तमान स्थिति को देखकर लगता है कि एक बार हम फिर 1947-48 वाली स्थिति में पहुंच गए हैं। जब भारत का पार्टीशन हुआ था, उसके बाद हिंदू और मुस्लिमों के बीच जो अविश्वास बना था। वही अविश्वास और भय एक बार फिर मुसलमानों में देखने को मिल रहा है। आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और महंगाई के चलते इस तरह के विवाद देश को संकट में डाल रहे हैं। भूख और सुरक्षा दो ऐसे विषय हैं। जिसको लेकर आदमी जीने और मरने की स्थिति में आकर खड़ा हो जाता है। पिछले 8 वर्षों में मुसलमानों के बीच जो भय अंदर ही अंदर पनपा था, लेकिन वह शांत था। राम मंदिर बन जाने के बाद और कश्मीर में धारा 370 खत्म हो जाने के बाद भाजपा और संघ परिवार उन्हें शांति से रहने देगा। लेकिन लगता है मुसलमानों का भय उनके अस्तित्व से जुड़ गया है। केरल की हिंसक घटनाएं अभी शुरुआत हैं। यदि सरकार और हिंदू संगठनों ने इसी तरह से मुसलमानों की आवाज दबाने और उन्हें गुलामों की तरह दोयम दर्जे पर रखने की कार्यवाही को बंद नहीं किया। तो कानून व्यवस्था की स्थिति खराब ही होगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। जब केंद्र में भाजपा की सरकार है। सारा नियंत्रण उनके हाथों में है। यदि उसके बाद भी पीएफआई आतंकी घटनाएं भारत में कर पा रही थी इसके लिए केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय और एनआईए की विफलता को भी माना जाना चाहिए। वहीं ईडी की कार्यवाही को लेकर जिस तरह का अविश्वास पूरे देश में फैला है। ऐसी स्थिति में मुस्लिमों का सड़क पर आना कोई आश्चर्य का विषय नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मुस्लिम नेताओं एवं बुद्धजीवियों से बात शुरु की है। यह एक अच्छा संकेत है। सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है।

आम आदमी तो अपनी चप्पलें घिसवाने के लिए ही इस दुनिया में आया है हुजूरे आला....

चैतन्य भट्ट

लो भैया अपने प्रदेश के कृषि मंत्री ने एक ऐसी बात कह दी जो सरकार में रहते हुए उन्हें कहना तो नही चाहिए थी पर कभी कभी नेताओ का ÷जमीर÷ भी जाग जाता है और ऐसा कुछ मुंह से निकल जाता है जो होता है सच लेकिन पूरी सरकार को कटघरे में खड़ा कर देता है द्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल का भी लगता है उनके अंदर का आम आदमी उनके मंत्री पद पर हावी हो गया और उन्होंने खुले आम कह दिया कि लोगों को ÷चप्पलें÷ घिस जाती हैं अपने काम करवाने के लिए लेकिन अफसर और कर्मचारी उनका काम नहीं करतेद्य नेताजी को कम से कम आम आदमी की समस्या का ख्याल तो आया वरना जनता की चिंता करता कौन है, और फिर अफसर, वो तो भगवान् से ऐसा वरदान लेकर आये हैं कि आम आदमी कि आवाज उनके कानों तक पंहुचती ही नहीं हैं , और फिर अफसर तो अफसर होता है कुछ दिन पहले एक और मंत्री जी ने आरोप लगा दिया था कि मंत्रियों की उनके सचिव सुनते ही नहीं हैं, हालत ये है कि मंत्री फोन लगाता है तो कलेक्टर और एसपी उनके फोन को ÷इग्नोर÷ कर देते है अब जब मंत्रियों के ये हाल है तो बेचारी जनता की कौन सुननाई करेगा द्य जब कोई व्यक्ति अफसर बनता है तो आप समझ लो वो अदृश्य रूप से चार पांच ग्लास ,÷अरारोट÷ पी लेता है और फिर वो इतना अकड़ जाता है कि ईश्वर भी सामने आ जाये तो वो उनकी भी नहीं सुनता द्य मंत्री जी ने कहा कि आम आदमी की चप्पलें घिस जाती हैं तो अपना कहना है कि आम आदमी इतनी कमजोर तल्ले वाली चप्पलें पहनता ही क्यों है जो घिस जाए, यदि आपको किसी सरकारी अफसर या कर्मचारी से काम करवाना है तो या तो अपनी चप्पल में ÷घोड़े जैसी नाल÷ ठुकवा लो या फिर चप्पल के तल्ले में लोहा लगवा लो, कहने को तो नहीं रहेगा कि चक्कर लगाते लगाते मेरी चप्पलें घिस गयी द्य मंत्री जी को धन्यवाद् कि उन्होंने आम आदमी के पक्ष में आवाज तो उठाई लेकिन अपने को मालूम है कि आलाकमान से जैसी ही एक चेतवानी आएगी और मंत्री जी कह देंगे कि मैंने ऐसा नहीं कहा था वो तो मीडिया वालों ने मेरे बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश कर दिया, वैसे एक बात हम आपको बतलाये देते हैं हुजूरे आला कि आम आदमी की तो नियति ही होती है अपनी चप्पलें घिसवाने वो इस दुनिया में अवतरित ही इसलिए हुआ है।कोई भी सरकार आ जाये अफसर तो वो ही रहते हैं नेता का क्या है वो तो पांच साल में बदल जाएगा पर अफसर तो तीस पैंतीस साल तक प्रदेश में राज करते हैं और उन्ही हिलाने की हिम्मत किसी में नहीं होती, सच कहें तो सरकार तो वे ही चलाते है और जो सरकार चला रहा वो राजा तो हो ही जाता है और राजा के सामने रियाया की क्या औकात होती है हर आम और खास आदमी अच्छी तरह से जानता और बूझता है द्य

इनकी तो रोज़ी रोटी इससे ही चलती है

सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टीवी कहे जाने वाले टी वी चैनलों में होने वाली डिबेट पर बड़ी नाराजगी प्रगट की है उसका कहना है कि सरकार को चाहिए कि डिबेट में होने वाली ÷हेट स्पीच÷ पर रोक लगाने के लिए वो कुछ करे, सुप्रीम कोर्ट ने टी वी एंकर्स पर भी टिप्पणी करते हुए कहा है कि डिबेट की जो एंकरिंग कर रहा है उसकी भी जिम्मेदारी है कि वो प्रवक्ताओं को रोके जो हेट स्पीच करना अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते हैं, अब सुप्रीम कोर्ट को कौन बताये कि ÷मी लार्ड÷ एंकर्स की तो रोजी रोटी ही इस तरह की हेट स्पीच से चलती है, टी वी स्टूडियो में राजनैतिक दलों के प्रवक्ता जितना ÷मुर्गा युद्ध÷ करेंगे ऐंकर को उतना ही मजा आएगा और फिर दोनों प्रवक्ताओं के बीच खटाक से अंग्रेजी में लिखा ÷वर्सेस÷ आ जाएगा , यानि अब वाक् युद्ध को खुली छूट है जो चाहे बोलो एक दूसरे को गालियां दो, मार पीट

पर उतारू हो जाओ ऐंकर मुस्कुराता हुआ उस युद्ध को देखता रहेगा , जिस चैनल में जितनी ज्यादा ÷नंगोही÷ होगी उसकी टीआरपी उतनी ज्यादा बढ़ेगी और टीआरपी बढ़ेगी तो उतना ज्यादा विज्ञापन मिलेगा जितना ज्यादा विज्ञापन मिलेगा उतना ज्यादा मॉल चैनल के मालिक की जेब में जाएगा और उसमें से थोड़ा बहुत हिस्सा उन एंकर्स को भी मिल जायेगा द्य आजकल तो एक और प्राणी पैदा हो गया है प्रवक्ताओं से इतर जिसका नाम हैं ÷राजनैतिक विश्लेषक÷ द्य राजनैतिक विश्लेषक का नकाब पहन कर ये तथाकथित राजनैतिक विश्लेषक किस भी पार्टी का ऐसा गुणगान करते है की पार्टी का अधिकृत प्रवक्ता भी शर्मा जाता हैं द्य किसी नेता को पार्टी के प्रवक्ता पद से हटा दिया जाता है तो वो टी वी चैनल में बतौर राजनैतिक विश्लेषक नमूदार हो जाता है टी वी चैनल्स में चल रही ÷लुच्चोंही÷ और उनके एंकर्स की किसी भी पार्टी विशेष के प्रति अनुराग देखकर दिल बाग़ बाग़ हो जाता है लगता है ये ऐंकर नहीं बल्कि पार्टी के प्रवक्ता हैं ,अपने को तो लगता है कि सुप्रीम कोर्ट ने भले ही इनके खिलाफ टिप्पणी की हो लेकिन ये नहीं सुधरने वाले नहीं हैं क्योकि इन्हें भी तो अपना औरअपने परिवार का पेट पालना है और पापी पेट के लिए आम दर्शक भले की इन्हें गालियां दें लेकिन ये अपनी आदत से मजबूर होते है और जो आदत से मजबूर हो जाता है उसे सुधारने वाला दुनिया में कोई पैदा नहीं हुआ हैं

कैसे बुरे दिन आ गए एसपीओं के

अपने को तो मालूम था की पुलिस में ÷एसपी÷ सबसे जोरदार पोस्ट होती हैं पूरे जिले की पुलिस का अकेला मुखिया होता है, जिधर जाता है पुलिस के तमाम छोटे बड़े अफसर उसे सलाम ठोकते हैं ,सारे अधिकार उसके पास होते हैं रोजाना अखबार में उसकी फोटो छपती है तीस से लेकर लेकर चालीस थानों का वो राजा होता था द्य जिस चाहे इधर उधर कर दे ,कुल मिलकर जिले के पुलिस का एस पी भगवान ही माना जाता है लेकिन जब से ये पुलिस कमिश्नर प्रणाली आई है प्रदेश में, इन एसपीओ की हालत थानेदार भी बदतर हो गयी है पहले भोपाल में या इंदौर में एक एसपी होता था अब वंहा चार चार एस पी काम कर रहे हैं किसी एसपी के पास चार थाने हैं तो किसी के अंडर में पांच द्य अपन ने तो वो जमाना भी देखा था जब एक शहर में एक टी आई हुआ करता था इसलिए उसे टाउन इंपेक्टर कहा जाता था फिर और थाने खुले कई टीआई हो गए लेकिन एसपी एक ही होता था लेकिन बुरा हो कमिश्नर प्रणाली का दो कौड़ी की इज्जत हो गई एसपीओं की द्य चार थाने लेकर बैठे रहो और अपने इलाके के थानेदारों पर रोब गांठते रहो थोड़े भी आगे निकले तो दूसरे एस पी का इलाक़ा आ जाता है, जिन शहरों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली नहीं है उस शहर के एस पी ईश्वर से प्रार्थना करते होंगे कि हे भगवन, सब कुछ करना लेकिन हमारे जिले में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू ना होने देना द्य

सुपर हिट ऑफ़ द वीक

दारु पीने के बाद, श्रीमान जी घर पंहुचे और श्रीमती जी से कहा ÷आप कौन हो?÷

÷ पागल हो गए हो क्या? अपनी बीबी को भूल गए!÷ श्रीमती जी ने कहा

÷नशा हर गम भुला देता है बहन जी÷ श्रीमान जी का उत्तर था

प्रयत्न में ऊब नहीं

संसार में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है।

अपनी ही बनाये इंद्रजाल में फंस गए गहलोत

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का एक ऐसा जादूगर माना जाता है जो अपने राजनीतिक कुशलता के बल पर अंतिम समय में बिगड़ी बाजी को बना सकते हैं। अपने राजनीतिक सूझबूझ व कौशल के बल पर ही अशोक गहलोत ने राजनीति के मैदान में एक लंबी पारी खेली है। उसी की बदौलत वो शीघ्र ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले हैं। मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तो बहुत से नेता बनते रहे हैं। मगर कांग्रेस जैसी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना अपने आप में बहुत बड़े गौरव की बात है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा अशोक गहलोत का नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुना जाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए भी फक्र की बात है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अशोक गहलोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी जैसे दिग्गज नेताओं की कतार में शामिल हो जाएंगे।

मगर कहते हैं ना की राजनीतिक को संभावनाओं का खेल माना जाता है। इसमें कब क्या हो जाए कोई कह नहीं सकता है। ऐसा ही वाकिया पिछले दो दिनों से राजस्थान में घट रहा है। अशोक गहलोत के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले उनको मुख्यमंत्री का पद छोड़ना था। इस बाबत उनकी कांग्रेस आलाकमान के नेताओं से बात हो चुकी थी। उनके द्वारा निर्धारित किए गए समय पर ही कांग्रेस आलाकमान ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मलिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर जयपुर भेजा था। पर्यवेक्षकों को जयपुर में सभी विधायकों से व्यक्तिगत बात करके अशोक गहलोत के स्थान पर नए नेता के नाम की रायशुमारी करनी थी। मगर कांग्रेस आलाकमान द्वारा भेजे गए दोनों पर्यवेक्षकों के जयपुर



आने के बाद पूरा खेल ही बदल गया। मुख्यमंत्री आवास पर पहले से निर्धारित विधायक दल की मीटिंग में गहलोत समर्थक एक भी विधायक नहीं पहुंचा। बल्कि उन्होंने अनाधिकृत रूप से स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर एक समानांतर बैठक का आयोजन किया। जिसमें गहलोत समर्थकों ने एक सुर में कांग्रेस आलाकमान के पर्यवेक्षकों द्वारा आयोजित मीटिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यदि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो वह पार्टी से इस्तीफा दे देंगे। शांति धारीवाल के आवास पर उपस्थित करीबन 90 विधायकों ने अपने त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के घर जाकर उनको सौंप दिये। उधर पार्टी पर्यवेक्षक खड़गे व माकन मुख्यमंत्री आवास पर देर रात तक विधायकों के आने का इंतजार करते रहे। मगर उन्हें वहां से खाली हाथ ही लौटना पड़ा। अगले दिन उस होटल में जहां दोनों पर्यवेक्षक ठहरे हुए थे वहां गहलोत समर्थक विधायक को की तरफ से राजस्थान सरकार में वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व प्रताप सिंह खाचरियावास के रूप में एक प्रतिनिधिमंडल मिला और उनके सामने अपनी तीन मांगे रखी। जिनमें पहली सचिन पायलट या उनके समर्थक किसी भी विधायक को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाए। दूसरी मांग जो 102 विधायक सचिन पायलट की बगावत के समय अशोक गहलोत के साथ थे उनमें से ही किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जाए। तीसरी मांग विधायक दल की बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन होने के बाद 18 अक्टूबर के बाद बुलाई जाए। जयपुर से दिल्ली रवाना होने से पूर्व राजस्थान के प्रभारी महासचिव व पर्यवेक्षक अजय माकन ने पत्रकारों को बताया कि गहलोत गुट की तरफ से जो तीन मंत्री उनसे मिलने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी 3 सूत्री मांगों के बारे में चर्चा की तो मैंने उनको कहा कि हम पार्टी आलाकमान के निर्देश पर जयपुर आए हैं और हम दोनों नेता एक-एक कर सभी विधायकों की राय जानना चाहते हैं। उस पर तीनों नेताओं ने कहा कि हमारे समर्थक विधायक व्यक्तिगत ना मिलकर समूह में मिलेंगे। इस पर माकन ने कहा कि हम किसी की शर्तों पर रायशुमारी नहीं करेंगे। मौजूदा हालात की जो रिपोर्ट है वह पार्टी अध्यक्ष को सौंप देंगे। पत्रकारों के सवालों के जवाब में माकन ने कहा कि गहलोत समर्थक नेताओं द्वारा किया जा रहा बर्ताव प्रथम दृष्टया पार्टी अनुशासनहीनता का है।

मुस्लिम विद्वानों के कंधे पर राष्ट्रीय एकता की जिम्मेदारी

राघवेंद्र शर्मा

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम संप्रदाय के इर्द-गिर्द जिस तरह की घटनाएं घट रही हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं। खासकर एनआरसी सीएए जैसे कानूनों के विरोध की आड़ में तोड़फोड़, हिंसा, आगजनी, हत्याएं, हिजाब विवाद की आड़ में कानून व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण हालातों का निर्माण, विभिन्न राज्यों में सांप्रदायिक दंगों को भड़काना और उसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना आदि ऐसी घटनाएं हैं, जो अंततः मुस्लिम समुदाय के लिए भी घातक सिद्ध होने वाली हैं। यदि अपवादों को छोड़ दें तो यह बेहद संतोषजनक बात है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मुसलमानों की छवि अन्य देशों के मुसलमानों की अपेक्षा बेहद पाक साफ और अमन पसंद लोगों के रूप में स्थापित है। जबकि विश्व भर में व्याप्त मुस्लिम आतंकवाद के चलते अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रों और विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में रहने वाले मुसलमान शक के दायरे में बने हुए हैं। इन पर आरोप हैं कि ये कहीं भी जिन अन्य कौमों के साथ रहते हैं वहां उनके साथ लड़ रहे होते हैं, और जहां अन्य समुदाय भिड़ने को नहीं मिलते वहां आपस में ही लड़ते मरते रहने के आदी हो चले हैं। लेकिन भारतीय मुसलमानों के बारे में वैश्विक स्तर पर सकारात्मक धारणा बनी हुई है। जबकि यहां मुस्लिम समुदाय इतनी बड़ी तादाद में निवासरत है, जितनी कई मुस्लिम राष्ट्रों की जनसंख्या भी नहीं होगी। यह इसलिए है, क्योंकि भारतीय मुसलमान वैश्विक स्तर पर किसी भी बड़ी आतंकवादी घटना में कभी

लिप्त नहीं पाया गया। लेकिन जब आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त सिमी और पीएफआई जैसे संगठन सिर उठाते हैं तो इनकी वजह से भारतीय मुसलमानों का नाम भी खराब होता है। जब इनके तार विदेशी आतंकवादी संगठनों से जुड़ते हैं और टेरर फंडिंग जैसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं तो फिर यह बदनामी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नकारात्मक माहौल का निर्माण करती है। यह तस्वीर ना तो भारतीय मुसलमानों के लिए अच्छी है और ना ही भारत के लिए। अतः मुस्लिम समुदाय के जो पढ़े लिखे विद्वान लोग हैं, जो मजहबी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा प्रणाली में भी सिद्धहस्त हैं और अपने समाज में गणमान्य हस्तियों के रूप में जाने जाते हैं, अब उनके कंधों पर महती जिम्मेदारी आन पड़ी है। उन्हें ही आगे आकर शेष मुसलमान समाज को यह समझाना होगा कि चंद राष्ट्र द्रोही लोगों की सांप्रदायिक और जातीय मामलों को भड़काने वाली हरकतों को हमें नजरअंदाज नहीं करना है, बल्कि उन्हें पहचान कर अपने से अलग करना है या हमें स्वयं को उनसे दूर हो जाना है। भले ही ऐसे लोग अपनी जाति अथवा संप्रदाय के भी हों, तो क्या? भावनाओं में बहकर ना तो उन्हें सहयोग करना है और ना ही उन्हें अपने घरों, मदरसों अथवा मस्जिदों में पनाह देनी है। जो लोग विभिन्न समाचार चैनलों, सोशल मीडिया, राजनीतिक, सामाजिक मंचों पर सदैव ही जहर उगलते रहते हैं और राष्ट्रीय एकता के लिए परेशानियां खड़ी करते रहते हैं, उन्हें भी बहिष्कृत करने का राष्ट्रीय कार्य पढ़े लिखे समझदार मुसलमान भाइयों द्वारा किया जाना ही संभव है। यही वह वर्ग है जो अपने सजातीय बंधुओं को भलीभांति यह समझा सकता है कि यह देश हमारा भी है। इस को एकता और अखंडता बनाए रखने की जितनी जिम्मेदारी अन्य लोगों की है, उतनी ही हमारी भी है। आखिर हम भी इस देश के जिम्मेदार नागरिक हैं। शायद यही वह व्यापक सोच है जिसे ध्यान में रखकर संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत जी मुस्लिम विद्वानों और गणमान्यों के यहां स्वस्फूर्त होकर पहुंच रहे हैं। मदरसों में जा रहे हैं और आव्हान कर रहे हैं कि हम सबको मिलकर देश की एकता और अखंडता के लिए मोर्चा लेना होगा। मजहबी तालीम के साथ अब हमें आधुनिक शिक्षा हासिल करके राष्ट्र निर्माण के पुनीत कार्य में जुटना होगा। अच्छी बात तो यह है कि ऑल इंडिया मुस्लिम इमाम आर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी जैसे गणमान्य लोग श्री भागवत की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रपिता जैसे बेहद व्यापक सम्मान से नवाज रहे हैं।

सूडोकु नवताल- 6206

★★★★☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6205 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

मैहर धाम की शारदा माई और गुरूजी की महिमा निराली

शारदेय नवरात्र हो वासंतेय नवरात्र या फिर हों आम दिन। यहां जिला मुख्यालय से लगभग 160 किलोमीटर दूर स्थित मैहर धाम की महिमा ही निराली है। मैहर धाम यूं तो आम दिनों में भी हजारों-हजारों श्रद्धालु मैहर वाली शारदा माता के दर्शन करने जाते हैं। लेकिन जब बात नवरात्र की हो तो यहां मातारानी का जलवा ही कुछ खास रहता है। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु भागे-भागे चले आते हैं। पूरे नौ दिन तक मैहर में पैर रखने की जगह नहीं होती है। यहां की होटलें और धर्मशालाएं और बाजार पूरे नौ दिनों तक शबाब पर चलता है। अभी से लोगों ने होटलों में ठहरने के लिये कमरे बुक करा लिये हैं। ऐसा ही एक अवसर गुरू पूर्णिमा के दिन भी आता है, जब मैहर धाम के प्रमुख पुजारी पंडित देवी प्रसाद जी महाराज के अनन्य शिष्य और भक्तगण गुरू पूर्णिमा पर मैहर में एकत्रित होते हैं। गुरूजी की भी महिमा निराली है। इतने ऊंचे धाम और इतनी ख्यातिलब्ध तीर्थ स्थल में बैठे गुरूजी को सिवा मैया की भक्ति के और कुछ रास नहीं आता। हर आने-जाने वाले भक्तों को वे माई-माई बोलकर आशीर्वाद देते हैं और जिस पर मन ही मन प्रसन्न हो जाएं, समझ लो उस पर साक्षात शारदा माई की कृपा हो जाती है। पुजारी जी को किसी भी चढ़ावे, प्रसाद, दक्षिणा से कोई सरोकार नहीं होता। माई और माई की भक्ति ही उनकी पूंजी और प्रसाद है। जबलपुर निवासी माई के अनन्य भक्त और गुरू जी के अनन्य शिष्य पंडित मुन्ना तिवारी, राहुल तिवारी, श्रीमती पूनम तिवारी, डॉ. अश्विनी त्रिवेदी, बबलू कोष्टा बताते हैं कि गुरूजी पूरी तन्मयता के साथ भक्तिभाव में विभोर होकर शारदा माई की पूजा और आरती करते हैं। बारहों महीने उनका एक सा नियम है। नवरात्र में तो महाराज जी उस गुफा में निवास करते हैं, जिसे माई का गर्भग्रह कहा जाता है। रात के एकांत में इतनी ऊंचाई पर जहां आज भी आल्हा ऊदल और शेर व अन्य खतरनाक जीव'-जंतु माई का पेसरा लगाने आते हैं, उनके बीच महाराज जी बिल्कुल विचलित नहीं होते। लेकिन महाराज जी इन बातों का जिक्र कभी किसी से नहीं किया करते। जिन लोगों ने अपनी आंखों से देखा, उन लोगों ने इसे किसी आश्चर्य से कम नहीं समझा। जिस तरह माई शारदा अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं, ठीक उसी तरह गुरूजी भी माई की छत्रछाया में भक्ति में लीन रहा करते हैं।

सर्वाइकल का दर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत

सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसकी शुरूआत गर्दन के दर्द से होती है और आगे चलकर यह रीढ़ की हड्डी को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। इसके कारण असहनीय दर्द और सूजन का सामना करना पड़ता है। इसलिए इसका समय रहते उपचार करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर सर्वाइकल के दर्द से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

गर्म सिकाई करें

जब भी सर्वाइकल का दर्द हो तो हॉट पैड से प्रभावित जगह की सिकाई करें। अगर हॉट पैड न हो तो एक तौलिये को गर्म पानी में डुबो लें और इसे निचोड़कर चार-पांच मिनट तक प्रभावित जगह की सिकाई करें। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि पानी अधिक गर्म न हो क्योंकि इससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। आप चाहें तो गर्म सिकाई की जगह ठंडी सिकाई भी कर सकते हैं।

जैतून के तेल से करें मालिश

किसी तरह का दर्द हो तो तेल मालिश का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए तेल मालिश भी अच्छा उपाय है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि मालिश सही तरीके से की जाए क्योंकि गलत तरीके से मालिश करने पर दर्द बढ़ सकता है। जब भी आपको सर्वाइकल का दर्द हों तब जैतून के तेल से दर्द से प्रभावित जगह की मालिश करना सुनिश्चित करें।

सेंधा नमक आएगा काम

सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्व सम्मिलित होते हैं जो दर्द निवारक की तरह काम करते हैं। इसलिए सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। राहत के लिए पहले सेंधा नमक में पानी की कुछ बूंदें मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं। ऐसा करने से आपको जल्द दर्द से राहत मिलेगी।

अदरक भी है प्रभावी

अदरक में भी दर्द निवारक गुण मौजूद होते हैं, इसलिए आप इसका इस्तेमाल भी सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए अदरक को कद्दूकस कर एक कटोरी में इसका रस निकालें और फिर रस को दर्द से प्रभावित जगह पर लगाएं। इसके अलावा, अदरक के कुछ टुकड़े एक कप पानी में डालकर उबाल लें और जब पानी हल्का ठंडा हो जाए तो इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर पी लें।

करण जौहर की अगली फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा से रोमांस कर सकती हैं जान्हवी

जान्हवी कपूर ने फिल्म धड़क से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं किया, लेकिन जान्हवी के पास एक के बाद एक फिल्मों के प्रस्ताव आने लगे। अब करण जौहर की एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। जान्हवी ने फिल्ममेकर कायोजे ईरानी की एक फिल्म साइन कर ली है। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बन सकती है। आइए पूरी खबर जानते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कायोजे ईरानी के निर्देशन में बनने वाली पहली फीचर फिल्म में जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे। यह एक इमोशनल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इसे करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। खबर के मुताबिक कायोजे इस फिल्म में जाह्नवी के साथ वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा में से किसी एक को लेना चाहते थे। आखिरकार उन्होंने इसके लिए सिद्धार्थ का नाम फाइनल कर दिया। एक सूत्र ने बताया कि जाह्नवी धर्मा प्रोडक्शन के साथ मिलकर दो फिल्में करने वाली थीं। एक दोस्ताना 2 और दूसरी मिस्टर लेले। हालांकि, दोनों ही फिल्में बीच में लटकी हुई हैं। ऐसे में जाह्नवी ने कायोजे की फिल्म साइन कर ली है। उन्हें इसकी कहानी और इसमें अपना किरदार बेहद पसंद आया है। इससे पहले जाह्नवी गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल और रूही में नजर आई थीं। दोनों ही फिल्मों में उनकी एक्टिंग को सराहा गया था। जान्हवी जल्द ही फिल्म दोस्ताना 2 में नजर आएंगी। उनकी इस फिल्म के निर्माता करण जौहर ही हैं। उनकी फिल्म घोस्ट स्टोरीज में जान्हवी ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। जान्हवी धर्मा प्रोडक्शन की मल्टीस्टारर पीरियड फिल्म तख्त में भी एक खास भूमिका निभाने वाली हैं। इसके अलावा वह फिल्म गुड लक जैरी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। वह सुपरहिट मलयालम फिल्म हेलेन के हिंदी रीमेक में भी नजर आ सकती हैं। सिद्धार्थ की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह मिशन मजनू में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे को कर रही हैं मिस

फिल्म हंगामा 2 में नजर आने वाली अभिनेत्री प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे पर से गायब हैं। प्रणिता ने एक हिंदी फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं नर्वस और उत्साहित दोनों हूं, क्योंकि शैली से लेकर दर्शकों तक सब कुछ मेरे लिए नया है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बड़े पर्दे को मिस कर रही हैं, अभिनेत्री ने जवाब दिया, बिल्कुल, क्योंकि एक्टर के रूप में, विशेष रूप से दक्षिण में हम बड़े पर्दे, और पागलपन के इतने आदि हैं। मैं निश्चित रूप से वह सब याद कर रही हूं। डिजिटल रूप से रिलीज होने वाली फिल्म के साथ, इस पर ओपनिंग वीकेंड बॉक्स-ऑफिस पर दबाव नहीं है।

क्या यह थोड़ी राहत है?

अभिनेत्री ने सुझाव दिया कि वास्तव में हाँ, लेकिन फिर, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता अगर इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाता। तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में एक लोकप्रिय नाम, प्रणिता बॉलीवुड में पहली बार काम कर रही हैं, वह दक्षिण से क्या अंतर देखती हैं? प्रणिता ने कहा कि यह अद्भुत है। काम के मामले में, यह लगभग समान है, कुछ अलग नहीं लगता है। कार्य संस्कृति, समय मैंने हमेशा लोगों को यह कहते हुए सुना है कि कितना अलग और समान है, लेकिन मैंने व्यक्तिगत रूप से सब कुछ वही पाया। आप किसी दक्षिण फिल्म और हिंदी फिल्म की कार्यशैली में कोई अंतर नहीं बता सकते। लेकिन हाँ, जो अलग है वह भाषा है। मैंने जीवन भर बहुत खराब हिंदी बोली है लेकिन अब अचानक मैं बहुत अच्छी हिंदी बोल रही हूं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, हंगामा 2 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है। फिल्म में परेश रावल, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, जॉनी लीवर, मिजान जाफरी और राजपाल यादव भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

रोमांटिक दृश्यों के दौरान अपनी परेशानी पर बोले गोविंदा

जल्द ही डांस रियलिटी शो डांस दीवाने में नजर आने वाले अभिनेता गोविंदा ने खुलासा किया कि अपनी पहली फिल्म इल्जाम में रोमांटिक सीन करते समय वह शर्मीले थे। अभिनेता को कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ थिरकते हुए और जज के रूप में अभिनेत्री नोरा फतेही की जोड़ी में शामिल दिखाई देंगे।

शो में, नोरा प्रतियोगी पीयूष की शर्म पर टिप्पणी करती है जो गोविंदा को एक मजेदार घटना का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। अपनी पहली फिल्म के सेट से एक दिलचस्प घटना साझा करते हुए, अभिनेता ने कहा, मुझे याद है कि मेरी पहली फिल्म के दौरान, मुझे नीलम के साथ एक रोमांटिक

गाना शूट करना था और मैं ऐसा नहीं कर सका। कोने से, सरोज (खान) ने मुझे पकड़ा और पूछा कि क्या मैंने कभी किसी लड़की से रोमांस किया है! मैंने नहीं कहा, और उन्होंने तुरंत अपने एक सहायक कोरियोग्राफर से मुझे रोमांटिक कदम कैसे करना है, यह सिखाने के लिए कहा, और यह काफी कुछ था।

घटनाओं के एक दिलचस्प मोड़ में, शो में प्रतियोगियों में से एक, पल्लवी, गोविंदा के प्रतिष्ठित ट्रैक तुम तो धोकेबाज हो पर प्रदर्शन करेगी, जिसके बाद अमन का उग्र अभिनय होगा। डांस दीवाने कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा।

मैं एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं : आदर्श गौरव

अभिनेता आदर्श गौरव का कहना है कि उनका सपना है कि वह एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाए। इस बारे में बात करते हुए आदर्श ने कहा, मैं एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं। मैं स्कूल में एक ट्रैक एथलीट हुआ करता था, लेकिन महान नहीं था। इसलिए मैं एक महान ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं और सिनेमा के माध्यम से अपने अधूरे सपने को जीना चाहता हूं। आदर्श ने इस साल की शुरूआत में 74 वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म्स एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) अवार्डस में नामांकन सहित फिल्म द व्हाइट टाइगर में अपने प्रदर्शन के साथ वैश्विक पहचान हासिल की। उन्होंने कहा कि जीवन काफी हद तक वैसा ही रहा है। मुझे जितने अवसर मिल रहे हैं, हां, निश्चित रूप से द व्हाइट टाइगर से पहले मुझे जो मिल रहा था, उससे कहीं अधिक बढ़ गया है। मुझे ऑडिशन के लिए और भी बहुत कुछ मिल रहा है, और लेखकों और फिल्म निमार्ताओं से बात करते हुए कि मेरे मन खुश हो जाता है। आगे किस तरह की भूमिकाएं करना चाहते हैं, इस बारे में बात करते हुए, आदर्श ने कहा कि कुछ खास नहीं। मैं बहुत सारे प्रयोग करना चाहता हूं, अनूठी कहानियां और व्यक्तियों को ढूंढना चाहता हूं, और ऐसी कहानियां बताना चाहता हूं जो मुझे आकर्षित करती हैं। काम के मोर्चे पर, आदर्श अपनी आगामी परियोजना, लोकप्रिय वेब श्रृंखला हॉस्टल डेज के दूसरे सीजन की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहाँ उन्होंने एक कॉलेज के छात्र की भूमिका निभाई है। शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, आदर्श ने कहा, अंकित पांडे सिविल इंजीनियरिंग के छात्र हैं और सीजन 2 में वह दूसरे वर्ष में हैं। वह भोले, प्यारे हैं। उनके पास बहुत कुछ नहीं था। बड़े होने के दौरान वह दोस्तों को और उस दोस्ती को महत्व देता है जो उसने कॉलेज में पिछले कुछ वर्षों में बनाई है। अभिनेता ने कहा कि वह असल जिंदगी में कभी हॉस्टल में नहीं रहे।

'पठान' में किक्स और पंच लगाती दिखेंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पठान' में बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। हॉलिवुड फिल्म 'ट्रीपलएक्स' में स्टंट परफॉर्म करने के बाद अब वह शाहरुख खान स्टारर फिल्म में किक्स और पंच लगाती दिखेंगी। ऐक्ट्रेस के करीबी एक सूत्र ने बताया, 'दीपिका अभी पठान के लिए हाई ऑक्टेन ऐक्शन सीन्स शूट कर रही हैं। शूटिंग मुंबई में ही चल रही है और ऐक्ट्रेस ने इसके लिए इंटेंस तैयारियां की हैं।' दीपिका 'पठान' का पहला शेड्यूल रैप अप कर चुकी हैं। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म से लंबे वक्त बाद किंग खान की पर्दे पर वापसी होगी। शाहरुख आखिरी बार 2018 में आई फिल्म 'जीरो' में अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ के साथ नजर आए थे। बात करें 'पठान' की तो इसमें जहां शाहरुख इसमें टाइटल रोल में हैं तो जॉन अब्राहम विलन की भूमिका में दिखेंगे। सलमान खान पहले ही 'पठान' के लिए कैमियो शूट कर चुके हैं। 'पठान' के अलावा दीपिका ने शकुन बत्रा की अनटाइटल्ड फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में हैं। यही नहीं, दीपिका ने हाल ही में नाग अश्विन की फिल्म की शूटिंग भी शुरू की है जिसमें वह प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

बाथ टॉवल में हो सकते हैं कीटाणु, सुरक्षा के लिए इन हाइजीन टिप्स को करें फॉलो

तौलिया एक अहम वस्तु है, जिसका इस्तेमाल रोजाना हर कोई करता है। आमतौर पर तौलिए नम और गर्म होते हैं। इस वजह से तौलिया बैक्टीरिया की चपेट में आ सकता है और जब आप उस तौलिए का इस्तेमाल करेंगे तो उससे आपकी त्वचा पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने से आप अपने तौलिए को बैक्टीरिया मुक्त बना सकते हैं।

हफ्ते में दो बार अपना तौलिया धोएं

तौलिए को बैक्टीरिया मुक्त रखने के लिए उसको हफ्ते में कम से कम दो बार धोना जरूर सुनिश्चित करें। तौलिए को कभी भी कपड़े धोने वाले डिटर्जेंट पाउडर से नहीं धोना चाहिए, क्योंकि उससे बैक्टीरिया खत्म नहीं हो सकते हैं। इसलिए जब भी तौलिया धोएं तो गर्म पानी के साथ कपड़े धोने वाले लिक्विड का इस्तेमाल करें या गर्म पानी के साथ सफेद सिरके का इस्तेमाल करके तौलिए को धोएं।

तौलिए को गीला न छोड़े

तौलिए को कभी गीला न छोड़े, क्योंकि ऐसा करने से ऐसा करने से बैक्टीरिया को तो बढ़ावा मिलता ही है साथ ही उसमें से बदबू भी आने लगेगी। साफ शब्दों में कहा जाए तो नहाने के बाद तौलिए को बाथरूम या कहीं अन्य जगह पर न छोड़े। उसको वॉशिंग मशीन में ड्रायर करें या धूप में सूखा दें। ऐसा करने से आपका तौलिया बैक्टीरिया मुक्त रहेगा।

उच्चतम गुणवत्ता वाले तौलिए का इस्तेमाल करें: चीप गुणवत्ता के तौलिए आमतौर पर बहुत लंबे समय तक आपके लिए सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। कई अध्ययनों पर गौर फरमाएं तो बहुत पुराने तौलिए की सोखने की क्षमता कई हद तक कम हो जाती है और उसमें अनदेखे कीटाणु भी हो सकते हैं। इसलिए अगर आपका तौलिया काफी पुराना हो गया है तो उसे बदलें और अपने लिए एक उच्चतम गुणवत्ता वाले तौलिए का चुनाव करना सुनिश्चित करें।

अपना तौलिया किसी के साथ भी शेयर न करें: साल 2019 में लक्जरी बाथरूम रिटेलर रिंच ने एक कपल पर अध्ययन किया, जिसमें पाया गया कि उस कपल ने एक ही तौलिए का इस्तेमाल किया, जिसकी वजह से उन दोनों को शारीरिक समस्या जैसे रेशेज और अन्य संक्रमण का सामना करना पड़ा इसलिए अपने साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना तौलिया साझा करने से बचें। ऐसा करने से आप और आपका तौलिया काफी हद तक बैक्टीरिया मुक्त रह सकता है।

अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं: मेघना मलिक

टीवी शो ना आना इस देस लाडो में अम्माजी का लोकप्रिय किरदार निभा चुकीं और हाल ही में हिंदी बायोपिक साइना में नजर आ चुकीं अभिनेत्री मेघना मलिक का कहना है कि वह अधिक जटिल किरदार करना चाहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह भविष्य में किस तरह की भूमिकाएं निभाने को तैयार हैं तो मेघना ने कहा, काश मैं उस स्थिति में होती कि मेरे पास आने वाली सभी भूमिकाएं होतीं, कि मैं उन्हें एक्सप्लोर कर पाती। मैं दर्शकों को बनाना चाहती हूं। एक ही समय में हंसना और रोना। मैं केवल सरल, लीनियर चरित्रों को निभाने के लिए उत्सुक नहीं हूं, बल्कि अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं। अभिनेत्री का कहना है कि आपको हमेशा वह नहीं मिलता जो आप चाहते हैं: ऐसा ही रहा है और इस तरह आप उसके साथ अपनी शांति बनाते हैं। आप अस्वीकृति के साथ-साथ उपलब्धियों दोनों के साथ अपनी शांति बनाते हैं। मेघना को साइना में साइना नेहवाल की मां उषा रानी का किरदार उनके दिल के बहुत करीब लगता है। इस साल की शुरूआत में रिलीज हुई इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने इक्का-दुक्का बैडमिंटन खिलाड़ी की मुख्य भूमिका निभाई है। वह कहती हैं: साइना हरियाणा से हैं और मैं भी उसी जगह की हूं, इसलिए वे हमारे बीच जुड़ते हैं। इसके अलावा, एक अथक मां की भावना को पकड़ना वाकई लुभावना था। मेघना हरियाणा के एक प्रख्यात कवि पर आधारित एक और बायोपिक में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन यशपाल शर्मा ने किया है। वे कहती हैं, साइना की तरह यह भी एक बहुत ही दिलचस्प विषय है, हालांकि यह उस व्यावसायिक रूप में नहीं आता है। लेकिन, मुझे इसे करने में बहुत मजा आया।

नवरात्रि विशेष- देवी माँ के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर, सच्ची दुर्गा पूजा मनाएँ

श्री आशुतोष महाराज जी

(संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)

तीनों लोकों की देवी- त्रिभुवनेश्वरी! वरदानों की दात्री- वरदा! चक्र धारण करने वाली- महाचक्रधारिणी! बुरी वृत्तियों का नाश करने वाली- दुर्गति नाशिनी! दुर्ग के समान ढाल बनकर अपने भक्तों की रक्षा करने वाली- माँ दुर्गा! माँ को दश प्रहरणधारिणी की संज्ञा भी दी गई है। कारण कि उनकी दस भुजाओं में दस शस्त्र/वस्तुएँ हैं, जो सांकेतिक भी हैं और अर्थपूर्ण भी! माँ दुर्गा के हाथ में शंख- एक ओर, बाहरी जगत में माँ दुर्गा के प्रकटीकरण से बुराई के अंत का उद्घोष है7 वहीं, शंख आंतरिक जगत में गूँजते शाश्वत संगीत का भी प्रतीक है। वह अनहद नाद, जिसे एक ब्रह्मज्ञानी साधक अपने भीतर ही सुन पाता है, जब वह पूर्ण गुरु की ज्ञान-दीक्षा से माँ के वास्तविक स्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है।

कमल आंतरिक जगत में अमृत का द्योतक है। वहीं, बाहरी परिवेश में, माया-रूपी कीचड़ में रहते हुए भी, सूर्य-उन्मुख यानी ईश्वरोन्मुख रहने की शिक्षा देता है- कमल। खड्ग प्रतीक है विवेक का। खड्ग की तेज़ धार मूलतः विवेक की धार की ओर इशारा है, जिससे किसी भी विकट समस्या अथवा अड़चन से उत्तम ढंग से निबटा जा सकता है। तीर एवं धनुष- दोनों ही ऊर्जा की ओर संकेत करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने पर कहा जा सकता है कि धनुष स्थितिज ऊर्जा (श्रश्ह्वद्गठ्ठ-ह्वद्बह्यद्य द्गठ्ठद्गह्लद्ब4) का सूचक है और तीर गतिज ऊर्जा (यद्बठ्ठद्गह्लद्बष द्गठ्ठद्गह्लद्ब4) का। दोनों के समन्वय से, सामूहिक प्रयास से लक्ष्य को भेदा जा सकता है। भक्ति पथ पर यह 'स्थितिज ऊर्जा' साधना से अर्जित की गई ऊर्जा की ओर इशारा है। वहीं, सेवा के माध्यम से मिलने वाली ऊर्जा 'गतिज ऊर्जा' है। भक्ति पथ के लक्ष्य यानी ईश्वर तक सेवा-साधना के संगम से ही पहुँचा जा सकता है। त्रिशूल आदिदैविक, आधिभौतिक अथवा

आध्यात्मिक- तीन तापों की और संकेत करता है7 जीवन-पथ में आने वाले इन तीनों प्रकार के तापों का हरण करने वाली हैं माँ! जो साधक माँ को तत्त्व से जान लेते हैं, फिर वो इन तीनों तरह के दुःखों से ऊपर उठकर आनंद में विचरण करते हैं। गदा संहार की सूचक है जो दुर्जनों का नाश करती है। साथ ही, आंतरिक क्षेत्र में गदा उस आदिनाम का प्रतीक है, जो इस संपूर्ण सृष्टि की सबसे शक्तिशाली तरंग है। जो व्यक्ति इस आदिनाम से जुड़ जाता है, वह फिर अपने लक्ष्य के मध्य आने वाले सारे दुर्जनों अथवा दुष्प्रवृत्तियों का सफलतापूर्वक संहार कर पाता है। वज्र शक्ति का द्योतक है। भीतरी जगत में माँ का यह शस्त्र आत्मिक शक्ति की ओर संकेत करता है। जिस प्रकार वज्र का प्रहार खाली नहीं जाता; उसी प्रकार जो व्यक्ति आत्मिक जागृति के उपरान्त, आंतरिक शक्ति से भरपूर हो जाता है- वह भी फिर प्रत्येक चुनौती में विजयी होकर ही निकलता है।

सर्प चेतना के ऊर्ध्वगामी होने को दर्शाता है, जो कुण्डलिनी के रूप में मूलाधार चक्र में स्थित होती है। जब एक व्यक्ति के भीतर आत्मा के प्रकाश (माँ के वास्तविक स्वरूप) का प्रकटीकरण होता है, तब चेतना का विकास होता है। वह मूलाधार चक्र से सहस्रदल कमल यानी अमृतकुंड तक की यात्रा कर पाती है। अग्नि प्रतीक है आत्मा के प्रकाश की, जो माँ का तत्त्व स्वरूप है। आत्मिक जागृति के उपरांत साधक के अंतःकरण से अज्ञानता का अंधकार छटने लगता है।

माँ दुर्गा के असली दर्शन व उनका वंदन न तो बाहरी जगत में और न ही कंप्यूटर स्क्रीन पर होता है। यह तो अंतर्जगत में उतरकर किया जाता है। यही संदेश माँ का स्वरूप व उनके अस्त्र-शस्त्र भी हमें दे रहे हैं। अतः यदि हम सचमुच माँ के भक्त हैं और उनकी प्रसन्नता व कृपा के पात्र बनना चाहते हैं, तो एक तत्त्ववेत्ता महापुरुष की शरण में जाएँ। उनसे ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर, अपने भीतर माँ के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर, सच्ची दुर्गा पूजा मनाएँ। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

पिता के आदर्श आदर्श व प्रेरणा से मिली शक्ति

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। श्री सीताराम जोशी भिंड के छोटे से गांव अतरसुमा में जन्म लिया 12 पास कर दिल्ली में प्लास्टिक उद्योग स्थापित किया और प्लास्टिक उद्योग में कुछ ही वर्षो में एक जाने-माने नाम

शुमार हो गए उस प्लास्टिक पाइप अधिक प्रचलन में नहीं था तब उस दौर में प्लास्टिक पाइप की महत्वता अपने क्षेत्र चंबल अंचल में कड़ी मेहनत परिश्रम से 1993 में प्लास्टिक पाइप इंडस्ट्री स्थापित की अपने पांचों पुत्र को उस व्यापार को अपने पुत्रों को सिखाया , वर्तमान में चार पुत्र दशरथ जोशी, श्री शिवमोहन जोशी ,सतीश जोशी ,मनोज जोशी प्लास्टिक उद्योग भिंड में स्थापित कर संचालित कर रहेहै श्री एस.आर जोशी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे भिंड जिले में अपने गांव अतरसुमा मैं पुराने मंदिरों की मरम्मत एवं निर्माण कराकर अनेक नेक कार्य अपने जीवन में किए अपनी ईमानदारी और वचन के लिऐ जाने जाते थे इसी कारण गांव के बड़े बुजुर्ग एवं छोटे उनकी बात को नहीं डालते थे अपने स्वाभिमान केकरण पहचाने जाते थे आज वर्तमान में उनके चारों पुत्र उस प्लास्टिक उद्योग को आगे बढ़ा रहे हैं छोटे पुत्र श्री आर.के जोशी उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में वकालत का व्यवसाय करते हैं श्री आर.के जोशी जी ने बताया कि पिता के आदर्श एवं उनकी प्रेरणा से आज उनका परिवार एक साथ रहता है और सुख शांति से व्यापार करता है।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

पुष्पांजली टुडे/नारायणलाल सेंणचा

बेंगलुरू- सीरवी समाज कनकपुरा रोड़ जरगनाहली स्थित आईमाता वडेर प्राणग में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। अनयामां मंदिर परिसर से श्री श्री 108 गुरुजी पीगधीशवर ब्रह्म ऋषि ओमजी महाराज गादीपती 72 फुट बालाजीआश्रम पाली की अगुवाई में गैर नृत्य गाजे -बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भक्तों के जयघोष और भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा मुख्य मार्गो से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुची। कलश यात्रा में

सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। कथा स्थल पर विधि विधान से पूजन के बाद कलशों की स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। नवरात्री को लेकर आईमाता मंदिर को विशेष लाईटो व रंग बिरंगी फूलो से सजाया गया शाम को महिलाओं व बच्चों के डांडिया रास का कार्यक्रम हुआ । रात को आई माता मंदिर परिसर में डांडिया क्वीन फाल्गुनी पाठक के गानों पर लोग जमकर थिरके।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पेमाराम गेहलोत, उपाध्यक्ष मोहनलाल राठौड़, सचिव रतनलाल सह सचिव मोहनलाल हांबड़ काग,कोषाध्यक्ष बाबूलाल सेंणचा, सह कोषाध्यक्ष तेजाराम चोयल समस्त कार्य कारिणि एवं महिला मंडल गैर मंडल सहित समस्त ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की कार्यकारिणी घोषित...

केशब पंडित जी

अम्बाह... अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेल्फी विथ केंपस यूनिट अभियान के तहत सोमवार को परिषद द्वारा सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल अम्बाह की नवीन कार्यकारिणी घोषणा की गई! कार्यकारिणी की घोषणा नगर अध्यक्ष आर एस राठौर के द्वारा की गई जिसमें जिसमें अध्यक्ष अनुराग शर्मा स्कूल मंत्री काजल सिंह को बनाया गया उपाध्यक्ष निखिल राठौर, रूद्र तोमर, दीपक सैनी, प्रभात शर्मा स्कूल मंत्री काजल सिंह, सह मंत्री सलोनी शर्मा, विक्रम सिंह, शिवानंद तोमर, मोनू राठौर, कला मंच प्रमुख शिखा तोमर, सह कला मंच प्रमुख रक्षा पाराशर, यामिनी शर्मा, राघव शर्मा, ह्यद्वह्य प्रमुख निर्भय सिंह, सह ह्यद्वह्य प्रमुख अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

के सेल्फी विथ केंपस यूनिट अभियान के तहत सोमवार को परिषद द्वारा सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल अम्बाह की नवीन कार्यकारिणी घोषणा की गई! कार्यकारिणी की घोषणा नगर अध्यक्ष आर एस राठौर के द्वारा की गई जिसमें जिसमें अध्यक्ष अनुराग शर्मा स्कूल मंत्री काजल सिंह को बनाया गया उपाध्यक्ष निखिल राठौर, रूद्र तोमर, दीपक सैनी, प्रभात शर्मा स्कूल मंत्री काजल सिंह, सह मंत्री सलोनी शर्मा, विक्रम सिंह, शिवानंद तोमर, मोनू राठौर, कला मंच प्रमुख शिखा तोमर, सह कला मंच प्रमुख रक्षा पाराशर, यामिनी शर्मा, राघव शर्मा, ह्यद्वह्य प्रमुख निर्भय सिंह, सह ह्यद्वह्य प्रमुख मंगल राठौर, क्रीडा प्रमुख ऋषभ जैन, एस एफ डी प्रमुख शिवम सैनी, खेल प्रमुख सोना श्रीवास, एनसीसी प्रमुख हेमंत शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी कल्पेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह किरार को बनाया गया! इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष विकास राज लोहिया, नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पर नगर उपाध्यक्ष विकास राज लोहिया, नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

गोहद चौराहे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु थाना प्रभारी गोहद चौराहा का अभियान जारी

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद चौराहा थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा द्वारा सभी बस ऑपरेटर को समझाइश दी गई है कि गोहद चौराहे पर बने बस स्टैंड पर ही बस को रोके यहां वहां बस खड़ी कर सवारी

को न तो उतारे न ही चड़ावे । गोहद चौराहे पर चारो और से ट्रैफिक का आवगमन रहता है , बसो द्वारा कही भी बस रोक देने से और अधिक यातयात अव्यवस्थित हो जाता है इस कारण लगातार बस के ड्राइवर को बस स्टैंड पर ही रोकने कि हिदायत दो तीन दिन से दी जा रही आज उन बस के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर थाना प्रभारी ने सभी को स्पष्ट संदेश दिया कि अब बस निर्धारित स्थान पर ही रोकी जावे नहीं तो चालानी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा ।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा द्य

कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने मंगलवार को साप्ताहिक टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के प्रथम चरण के शिविर में अनुपस्थित अथवा सभी शिविर में उपस्थित नहीं रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि शेष शिविरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में प्राप्त विभागवार आवेदन पत्रों की जानकारी लेकर आगामी चरण में पात्र हितग्राहियों को तत्परतापूर्वक योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ग्राम पंचायत कार्यालय नियमित रूप से सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित करने के संबंध में स्थाई निर्देश जारी करने, पंचायत कार्यालय में ग्रामवासियों के आवेदन प्राप्त करने व रजिस्टर संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, स्कूल में प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन वितरण संबंधी जानकारी से अवगत कराने और अधिकारियों को भ्रमण के दौरान एमडीएम व्यवस्था के निरीक्षण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा संचालित सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। सभी अधिकारियों को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार भ्रमण करने, सीएमएचओ को कलेक्ट्रेट में प्रति सप्ताह निर्धारित दिवस पर सुबह 8 से 10 बजे तक स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। जिला कोषालय अधिकारी को अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत लॉगबुक के आधार पर ही पीओएल देयक आहरण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि आगामी अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह में महामहिम राज्यपाल का ग्राम कल्दा में आगमन प्रस्तावित है। इसके लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां भी समयावधि में करना सुनिश्चित करें।

समस्त ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन के निर्देश

कलेक्टर श्री मिश्र ने बैठक में भोपाल से उपस्थित हुए जल निगम के अधिकारियों से जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में लंबित विभिन्न कार्यों का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। पाइप लाइन बिछाने संबंधी कार्य व वितरण नेटवर्क सहित परियोजना से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। फारेस्ट क्लीयरेंस के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारी को जरूरी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामों के सत्यापन, 2 अक्टूबर को ग्राम सभा में सर्वे सूची का वाचन कराने, सभी जनप्रतिनिधियों को नवीन परियोजनाओं एवं निगम के कार्यों से अवगत कराने तथा सभी ग्रामों में मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बरोना सचिव को निलंबित करने निर्देश एवं ग्राम रोजगार सहायक को सेवा समाप्ति नोटिस दिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद । ग्राम पंचायत बरोना में सीईओ जनपद गोहद दिनेश शाक्य एवं ईआरईएस आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जांच उपरांत 23 लाख 41 हजार की राशि वसूली योग्य पाई गई। जिसमें कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा तत्काल रूप से सचिव को निलंबित कर विभागीय जांच के निर्देश दिए गए एवं ग्राम रोजगार सहायक को जांच पूर्ण होने तक गोहद अटैच कर ग्राम रोजगार सहायक का सेवा समाप्ति का नोटिस दिया। साथ ही सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं सहायक यंत्री को धारा 89 के तहत 23 लाख 41 हजार की राशि वसूली का नोटिस दिया गया।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने नशे के खिलाफ उठाया कदम पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने दी हरी झंडी

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी - शिवपुरी शहर नशे की गिरफ्त में फंसा हुआ है वही कानूनी व्यवस्था नशे की रोकथाम में फैल दिखाई दे रही है इसके लिए आज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मिलकर अपनी ताल ठोक दी और नशे के खिलाफ एक महारैली का आयोजन किया जिसमें प्राइवेट स्कूल के लगभग 4000 छात्र-छात्राएं शामिल हुए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कि इस महारैली को पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा हरी झंडी लेकर रवाना किया गया इसमें इस रैली का आयोजन पुराने बस स्टैंड से शुरू की गई सभी छात्र छात्राएं अपने हाथों में तख्ती लिए हुए नशा मुक्ति अभियान चलाया उन्होंने शिवपुरी शहर की जनता को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया इस महा अभियान रैली को शहर के मुख्य मार्ग माधव चौक से होते हुए गांधी चौक ,अस्पताल चौराहा ,कोतवाली के सामने से होते हुए ,कस्टम गेट ,अनाज मंडी से होते हुए मानस भवन में इस रैली का समापन किया गया मानस भवन में सभी प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल स्टाफ मौजूद रहे साथ ही की जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक महोदय ने बच्चों से बातचीत की कुछ स्कूली बच्चों ने नशे से मुक्त होने के नशे की लत से दूर कैसे हो सकते हैं इस बारे में चर्चा की तब शिवपुरी कलेक्टर ने बताया कि इंसान अपने आप को अपने कामों में इतना व्यस्त रखें की उनका ध्यान अन्य किसी भी कामो मै जाए ही न इंसान फ्री होता है तो उसके मन में कई प्रकार की जिज्ञासा उत्पन्न होती है जो कि मन को विचलित करती है और गलत राह पर जाने की संवेदना पैदा करती हैं कलेक्टर द्वारा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की सराहना की गई जो इन्होंने इस मुहिम को चलाया इस महारैली में शामिल हुए स्कूली बच्चे इनोवेटिव स्कूल ,गुरु नानक स्कूल, शिवपुरी पब्लिक स्कूल, किड्स गार्डन स्कूल ,सेंट चाल्स, बाल शिक्षा निकेतन ,एसडीएम पब्लिक स्कूल. गीता पब्लिक स्कूल , विद्या निकेतन स्कूल, एसडीएम एक्सीलेंस स्कूल एवं बैराड़ एवं कोलारस से भी आए बच्चे सम्मिलित रहे इसके साथ ही समाज सेवा में पूरे शहर भर में नाम कमाने वाले हमारे शहर के वरिष्ठ समाजसेवी रानू रघुवंशी ने भी अपना रोल इस महारैली में निभाते हुए बच्चों के लिए नाश्ते और पानी की व्यवस्था अपने हाथों में ली और सभी बच्चों को नाश्ता और पानी की व्यवस्था कराई

कलेक्टर शिवपुरी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा थाना सुरवाया पर महिला ऊर्जा हेल्पडेस्क का किया शुभारंभ

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आज दिनांक 27.09.2022 को क्लेक्टर शिवपुरी श्री अक्षय कुमार, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चन्देल द्वारा थाना सुरवाया पहुंच कर ऊर्जा महिला हेल्पडेस्क का उद्घाटन किया गया एवं थाने पर आने जाने वाली महिलाओ एवं बच्चियो के लिये शिकायत हेतु एक शिकायत पेटी रखने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर अशिक्षित महिलाओ द्वारा भी अपनी शिकायत करने के लिये एक फोर्मेट बनाकर थाना पर रखने वावत निर्देश दिये तथा ऊर्जा महिला हेल्पडेस्क मे महिलाओ के लिये अलग से बाश रूम बनबाने बाबत निर्देश दिये उक्त मोके पर श्रीमान एसडीओपी महोदय करैरा श्री संजय चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुरवाया श्री रामेन्द्र सिंह चौहान मय थाना स्टाफ के, ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क प्रभारी प्रिया यादव, प्रबंधक मध्यानचल ग्रामीण बैक सुरवाया श्री मति दुर्गा सोनी हाई स्कूल सुरवाया से श्री मति अर्चना राय तथा माध्यमिक शिक्षक प्रदीप परमार,दामोदर प्रसाद एवं हाई स्कूल की करीब 25 बच्चियाँ उपस्थित रही

उपस्थित बच्चियों को पहले थाने का भ्रमण कराकर थाने की कार्यशैली से परिचित कराया गया तथा बाद मे उन्हे अपनी सुरक्षा के उपाय बताकर उन्हे गुड टच बैड टच के बारे मे समझाईश दी गई ।

जिला स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान जांच शिविर एवं द्वितीय चरण रजत पंख कब बुलबुल जांच शिविर का हुआ समापन

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भारत स्काउट एवं गाइड जिला भिण्ड द्वारा जिला स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट एवं गाइड जांच शिविर एवं द्वितीय चरण रजत पंख का बोल बोल जांच शिविर का आयोजन अशासकीय स्वरूप विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल अटेर रोड भिंड में दिनांक 19 सितंबर से 23 सितंबर 2022 तक आयोजित किया गया जिसमें जिले की 25 शासकीय अशासकीय स्कूल के स्काउट गाइड और कब बुलबुल ने बढ़ चढ़कर भाग लिया शिविर में स्काउट गाइड और कब बुलबुल को प्रशिक्षण भी दिया गया प्रशिक्षण उपरांत जो प्रशिक्षण दिया गया उसकी परीक्षा भी कराई गई जांच में जो बच्चे सफल हुए उनको द्वितीय सोपान एवं द्वितीय चरण प्रमाण पत्र जिला द्वारा दिया जाएगा शिविर का शिविर का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन

में श्री अतिबल सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट द्वारा किया गया शिविर में 97 स्काउट 22 गाइड और 12 कब 12 बुलबुल एवं यूनिट लीडर ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया शिविर के द्वारा प्रतिभागियों को एक विशेष प्रकार के प्रशिक्षण दिए गए जिसमें आपदा प्रबंधन बिना बर्तन के भोजन बनाना प्राथमिक चिकित्सा अनुमान लगाना और मार्च पास्ट अनुशासन तंबू लगाना तंबू खोलना और फोल्ड करना एवं कम से कम सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने की कला आदि का प्रशिक्षण दिया गया शिविर समाप्ति की पूर्व संध्या पर ग्रैंड के अंपायर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला स्काउट कमिश्नर श्री हरि भुवन सिंह तोमर उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री आरडी उपाध्याय पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गुना एवं खंड शिक्षा अधिकारी पदेन ब्लॉक स्काउट कमिश्नर श्री के जी शर्मा विकासखंड अटेर प्रांगण संस्था के स्वरूप विद्या निकेतन प्राचार्य श्री जीतू डोण्डेरिया शिविर में कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्काउटिंग की उपलब्धि के बारे में बताया और स्काउट एक सच्चे नागरिक के रूप में समाज के बीच में कैसे काम करता है यह प्रशिक्षण शिविर में दिया जा रहा है आप सभी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और समाज और देश में अपना नाम रोशन करें।

थाना प्रभारी गोहद चौराहा पहुंचे बच्चों के बीच, किया संवाद

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित चेतना अभियान के तहत पहुंचे बच्चो के बीच

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद। थाना प्रभारी गोहद चौराहा रविंद्र शर्मा पहुंचे संस्कार वेली स्कूल बच्चो से किया संवाद, उनके मन की पुलिस के प्रति

भावना को जाना तो वहीं दुलार के साथ बच्चो को आवश्यक सेवाओं डायल 100 लगाओ पुलिस बुलाओ, घायल के उपचार हेतु इमरजेंसी नंबर 108, महिला सम्बन्धी शिकायतों के लिए हेल्प लाइन नंबर 1090 से अवगत कराया साथ ही किस प्रकार इन सेवाओं का उठा सकते लाभ इससे भी अवगत कराया । बच्चो को मानव दुर्व्यपार तथा गुड टच व बेड टच से भी अवगत करवाया । स्कूल स्टाफ से बच्चो के बारे में लि जानकारी किसी भी प्रकार की पुलिस मदद के लिऐ बच्चो को नोट कराया अपना मोबाइल नबर ।

सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

पुष्पांजली टुडे

बैंगलूरू - मंगलवार को ग्लोबल अकैडमी आफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय राजा राजेश्वरी नगर मैं आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता सु प्रयोग 2022 का दीप प्रज्वलन से शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राणा प्रताप रेड्डी सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे।महेंद्र मुणोत ने सभी को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।

आज ग्राम मामूनी कला तहसील करैरा जिला शिवपुरी

संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

मध्य प्रदेश मैं खंगार क्षत्रिय समाज की कुलदेवी मा गजन माता का देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन एवं नवीन मूर्ति

का प्राण प्रतिष्ठा आयोजन किया जा रहा है जिसमें विशाल कलश यात्रा हुई जोकि ग्राम बरौली के हनुमान जी मंदिर से उठकर मामू निकला तक बड़ी धूमधाम से पहुंची जिसमें आसपास के ग्राम के समस्त समाज के लोग उपस्थित हुए और माता रानी का का आशीर्वाद लिया जिसमें उपस्थित हमारे क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा दिनेश परिहार और श्री भरत सिंह परिहार सरपंच अमोल पाठक श्री कोक सिंह परिहार जनपद सदस्य करैरा श्री मोनू परिहार जनपद सदस्य सिरसौद श्री शिव कुमार परिहार सरपंच एवं धर्मेंद्र परिहार सरपंच बदरवास श्री भरत श्री परिहार नेताजी करैरा से हमारे हरिसिंह मास्टर जी दियाला एवं समस्त एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे

जातिगत टिप्पणी के विरोध में कुशवाह समाज कोलारस देगा दिनांक 28 तारीख को ज्ञापन

अरुण कुशवाह रिपोटर पुष्पांजली टुडे

कोलारस। खबर शिवपुरी जिले के कोलारस तहसील से हैं जहाँ कुशवाह समाज के साथ जातिसूचक गालीगलौज, धमकी देने वाले युवक आकाश ठाकुर (राजकुमार) पर एफआईआर कराने हेतु आवेदन देंगे जिसमें सभी कुशवाह समाज कोलारस के लोग रामेश्वर धाम मंदिर के सामने इक्कट्ठा होकर ये निर्णय लिया उपस्थित हो स्थान- पुरानी सब्जी मंडी पर उपस्थित हो समय सुबह 10-00 बजे

जल निगम के अधिकारियों ने खनिज मंत्री से की भेंट

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा

म.प्र. जल निगम भोपाल के अधिकारियों ने मंगलवार को खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह से कार्यालय में भेंट कर समूह जल प्रदाय योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की। निगम के मुख्य महाप्रबंधक एस.के. अंधवान एवं महाप्रबंधक योजना प्रवीण कुमार गुरू ने मझगांय बांध से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित नल-जल योजना के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। मंत्री श्री सिंह ने क्षेत्रवासियों को लाभ के लिए प्रस्तावित परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिले के महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल भी उपस्थित थे।

1 जनवरी 2022 से 31 जुलाई 2022 तक नगर पालिका गोहद में डीजल पेट्रोल को लेकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

गोहद-भिंड। गोहद नगर पालिका द्वारा वर्ष 2022 में 01 जनवरी से 31 जुलाई तक डीजल तथा पेट्रोल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। यह आरोप कांग्रेस जिला महासचिव राजेंद्र परिहार ने कलेक्टर को की लिखित शिकायत में लगाया है। बतादें कि उक्त शिकायत उपरांत डिप्टी कलेक्टर पराग जैन ने 12 सितंबर को शिकायत की जांच का आदेश भी जारी कर दिया था। हैरानी की बात ये है कि डिप्टी कलेक्टर के आदेश को भी नपा अधिकारियों ने ठेंगा बता दिया है। पूरा एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद डीजल-पेट्रोल में किए गए गोलमाल की जांच शुरू नहीं हो पाई है।

- तीन दिन में जांच कर पेश करनी थी रिपोर्ट

गौरतलब है कि डीजल-पेट्रोल घोटाले में जांच दल को तीन दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट डिप्टी कलेक्टर के समक्ष पेश करनी थी। मतलब ये कि 15 सितंबर को जांच रिपोर्ट पेश की जानी थी। चिंतनीय विषय ये है कि रिपोर्ट पेश किया जाना तो दूर पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद जांच ही शुरू नहीं हो पाई।

- आरोप के अनुसार इस तरह किया गया घोटाला

शिकायतकर्ता राजेंद्र परिहार के मुताबिक गोहद नगर पालिका में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा 01 जनवरी से 31 जुलाई तक डीजल पेट्रोल का क्रय तथा उसका उपयोग भी दर्शाया गया है। दरअसल डीजल-पेट्रोल का जो उपयोग दर्शाया गया है वह वस्तुस्थिति से मेल नहीं खा रहा। यह घालमेल तब सामने आया जब शिकायतकर्ता राजेंद्र परिहार ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी हासिल की।

इनका कहना है

कार्रवाई से बचने जांच को डाला जा रहा ठंडे बस्ते में शिकायतकर्ता का आरोप है कि घोटाले पर पर्दा डालने के प्रयास में जांच की प्रक्रिया को आगे नहीं बढने दिया जा रहा है। दरअसल लाखों रुपए के घोटाले में नपा के कई जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं- राजेंद्र सिंह परिहार

इनका कहना है

नपा के संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट में जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी-

पराग जैन, डिप्टी कलेक्टर भिण्ड

कलेक्टर ने समयावधि में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर रोका वेतन

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा

कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समयावधि में निराकरण नहीं करने और गत अगस्त माह की जारी ग्रेडिंग में सी एवं डी ग्रेड वाले विभागों के जिला अधिकारियों का सितम्बर माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा है कि एल-1 अधिकारी द्वारा प्राथमिकता से शिकायतों का निराकरण करने में लापरवाही बरती गई है और अधिकतम शिकायतों पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण की कार्यवाही नहीं करने पर विभागों की मासिक ग्रेडिंग सी एवं डी प्राप्त होने के कारण पन्ना जिले की ग्रेडिंग भी प्रभावित हुई है। जिला कलेक्टर द्वारा आरटीओ, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, पीआईयू के परियोजना अधिकारी तथा कृषि विभाग के अजयगढ़ एवं पवई के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक लगाई गई है। लापरवाही पर एसडीएम पन्ना-अजयगढ़ एवं गुनौर तथा सभी तहसीलदार के वेतन आहरण नहीं करने के लिए भी जिला कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

गौ सेवा दिवस पर की गायों की पूजा, सभी गायों को लंपी वायरस से बचाव के लिए लगाए जा रहे टीके: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने सेवा पखवाड़ा के तहत आज सुबह दयोदय तीर्थ तिलवारा पहुँचकर यहां जैन समाज द्वारा संचालित गौ शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौ पूजन कर गौशाला परिसर में पौधारोपण किया तथा गायों की बेहतर देखभाल के लिये गौ शाला प्रबंधन की सराहना की। इस दौरान अखिलेश जैन सहित जैन समाज के पदाधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सयुंक्त संचालक डॉ ए पी गौतम तथा उप संचालक डॉ एस के वाजपेयी भी मौजूद थे। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने इस मौके पर लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के उपायों पर चर्चा करते हुये कहा कि

प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गौ और भैंस वंशीय पशुओं में होने वाली इस बीमारी के प्रकोप को देखते हुये जबलपुर जिले की सभी गौ-शालाओं में गायों को टीके लगाये जा रहे हैं। उप संचालक पशुपालन डॉ वाजपेयी ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज मंगलवार को गौ सेवा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौ सेवा दिवस कार्यक्रम के तहत दयोदय तीर्थ तिलवारा में जैन समाज द्वारा संचालित गौ शाला में सभी गायों को लम्पी स्किन डिजीज के टीके लगाये गये।

निःशुल्क प्रिकॉशन डोज महाअभियान का अंतिम चरण आज

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा द्य

बुधवार, 28 सितम्बर को कोविड के निःशुल्क प्रिकॉशन डोज महाअभियान का अंतिम चरण आयोजित किया गया है। 18 वर्ष अथवा अधिक आयु के नागरिक, जिन्हें प्रथम और द्वितीय कोविड वैक्सीनेशन के बाद 6 माह पूरे हो गए हैं, उन्हें निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रीतेश सिंह ठाकुर ने बताया कि यह महाअभियान आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 28 सितंबर तक 6 चरणों में पूर्ण होना था, जिसका अंतिम चरण 28 सितंबर को होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस. उपाध्याय ने बताया कि 1 अक्टूबर से प्रिकॉशन डोज की निःशुल्क व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। इसलिए सभी पात्र लोगों से निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगवाने की अपील की गई है।

शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को मिलेगा विभागीय योजनाओं का लाभ- मंत्री श्री सिंह

खनिज साधन मंत्री अजयगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामवासियों से हुए रूबरू

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा

पन्ना। खनिज साधन श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह मंगलवार को अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालयों बहादुरगंज, बरकोला, मझगांय, बारागरेका, मोहाना और पड़रहा में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में शामिल हुए और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। प्रथम चरण में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ग्रामवासियों से रूबरू हुए और विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिविर

में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शासन की मंशानुसार इन शिविरों में प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभांवित किया जाना है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामवासियों द्वारा शिविर में नवीन सेवाओं के तहत बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन और नक्शा सुधार संबंधी सेवाएं प्राप्त करने के साथ ही शिकायतों का निराकरण भी कराया जा सकता है। राजस्व विभाग के कार्यों के लिए अब तहसील कार्यालय में जाने की बजाय शिविर में शामिल होकर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि अभियान में आयोजित होने वाले ये शिविर परिणाममूलक शिविर हैं। इसलिए अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। पात्रता के अनुसार आवेदकों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शिविर में ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ दायित्व का निर्वहन करें और आगामी 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रत्येक पात्र हितग्राही को चिन्हांकित योजनाओं का लाभ जरूर प्रदान करें। इस कार्य में लापरवाही पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि मैदानी

कर्मचारियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए सर्वे भी किया गया है। साथ ही सभी कर्मचारी ग्रामीणजनों के संपर्क में होने से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों के बारे में पूर्व से अवगत भी हैं। इसलिए गरीब व वंचित सहित सभी पात्र हितग्राही को अभियान में लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। खनिज मंत्री ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है। पारदर्शिता के उद्देश्य से संबंधित हितग्राही को योजना की लाभांवित राशि का भुगतान सीधे बैंक खाते में किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मध्यान्ह भोजन संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए जांच उपरांत व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा कई बंद योजनाओं को लोगों के हित में दोबारा संचालित किया गया है। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित नहर पट्टी रोड निर्माण के लिए केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय कर स्वीकृति प्राप्त की गई है। इससे पुल-पुलिया बनने के साथ ही नहर का सुदृढ़ीकरण होगा। इसी तरह अजयगढ़ में 220 के.व्ही. के पॉवर सब स्टेशन के निर्माण से बिजली समस्या दूर होने के साथ ही पन्ना व चंदला में भी सुगम विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। छतरपुर जिले से सतत् संपर्क के लिए बिलहरी घाट के पुल मंजूर होने की जानकारी भी दी। जनता के सभी विकास कार्य सेवाभाव के साथ करने का भरोसा भी दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने और कुछ अन्य योजनाओं में लाभ के लिए शामिल खातों का बंटवारा करवाएं। बारागरेका में ग्रामवासियों की मांग पर विधायक निधि से जरूरी कार्यों के लिए जनपद पंचायत सीईओ को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। अन्य ग्राम पंचायतों में भी हितग्राहीमूलक विकास कार्यों के लिए भरोसा दिया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संतोष सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर करें निराकरण: निगमायुक्त

ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन के तहत आने वाली शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ता की संतुष्टी के साथ निर्धारित समयसीमा में गम्भीरता से पूर्ण करें तथा नागरिकों के हित के लिए आगे आकर कार्य करें जिससे आमजनों में निगम के कर्मचारियों के प्रति विश्वास बढे। हम सभी अपनी स्वप्रेरणा से कार्य करें तथा जो अधिकारी सीएम हेल्प लाइन में आने वाली शिकायतों का निराकरण जितनी जल्दी करेगा उसको सम्मानित भी किय जाएगा। उक्ताश्य के निर्देश सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त किशोर कन्याल ने दिये। बैठक में अपर आयुक्त अतेन्द्र गुर्जर, मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल, नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन डा प्रदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निगम के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, जिसमें नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि गत माह की 3019 शिकायतें अभी तक लंबित हैं, जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण

निराकरण तत्कालं कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही ज्यादा लंबित शिकायतों वाले अधिकारियों से बात की और सभी को अपनी-अपनी शिकायतों का निराकरण माह की 10 तारीक पूर्ण करें।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि मेयर हेल्पलाइन एवं सभापति हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण निश्चित अवधि में करें। कुछ शिकायतें तो एक जैसी होंगी इसलिये ऐसी शिकायतों का निराकरण शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि रूबरू कार्यक्रम के तहत आने वाली शिकायतों का निराकरण तत्काल उसी दिन किया जाए। रूबरू कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। सभी शिकायतों का निराकरण हम तत्परता से करेगें तो सीएम हेल्प लाइन पर न के बराबर शिकायतें आएगीं। इसलिय हम पूरी इमानदारी से कार्य करें।

निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें

आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वार्ड 38 हरगोविंदपुरम सिटी सेंटर के निवासियों ने पार्क में किये गए अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 23 श्री नगर कॉलोनी नदी पाद टाल के श्यामदास महाराज ने शासकीय रोड पर किये गए अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 18 गोले का मंदिर के सुनील कुमार शर्मा ने अतिक्रमण कर बनाइ गई झोपडी को हटाये जाने, अपनाघर कॉलोनी आनंद नगर बहोडापुर के राजू जाटव ने अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 15 बीजासेन मंदिर के पास न्यू संजय नगर बिरला नगर के समस्त कॉलोनी वासियों ने अतिक्रमण और गंदगी हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 32 के केडी सिंह ने अवैध रूप से छोडे गए सुअरों द्वारा गंदगी करने पर उचित कार्यवाही किये जाने के संबंध में, वार्ड 7 जहांगीर कटरा के जितेन्द्र सिंह पटेल ने अवैध रूप से किये जा रहे भवन निर्माण के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल को दिया।

संक्षिप्त समाचार

फोटो जर्नलिस्ट राजेश जायसवाल को मातृशोक

ग्वालियर । मध्य प्रदेश पत्रकार संघ फोटो जर्नलिस्ट प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश जायसवाल की माता जी श्रीमती कस्तूरी जायसवाल पत्नी स्व. छोटे लाल जायसवाल का बीते सोमवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे 94 वर्ष की थी। पिछले कुछ दिनों अस्वस्थ चल रही थी। आज मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार समाजसेवी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश पत्रकार संघ और ग्वालियर प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दैनिक हिन्दुस्तान समाज परिवार ने शोक व्यक्त कर संवेदना व्यक्त की है ।

पर्यटन विभाग में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग में आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी व पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष एसके द्विवेदी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस अंचल में वन्य जीव पर्यटन की बहुत संभावनाएं है हमारे अंचल में कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान खोलने एवं चीतो के आने से क्षेत्र की मांग पर्यटन के क्षेत्र में निश्चित ही बढ़ेगी। रिमोट सेंसर के आने के बाद पर्यटन वन्य क्षेत्र में आसानी से वन्य जीव को निहार सकते हैं विद्यार्थियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए एवं शोध करना चाहिए ऐसी अपेक्षा है। पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एसके द्विवेदी ने पर्यटन के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी देश की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में हमेशा से ही पर्यटन का एक अहम योगदान रहा है।भारत कला, संस्कृति,प्राकृतिक सौंदर्य एवं ऐतिहासिक इमारतों वाला देश है।हर वर्ष विश्व के सभी कोनों से लोग भारत की सुंदरता को देखने के लिए आते है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी घोषित

ग्वालियर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाह के निर्देशानुसार तथा ग्वालियर महानगर के जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी की अनुशंसा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं भाजपा भगतसिंह मंडल अध्यक्ष हरी ओम झा की सहमति पर भगतसिंह मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामनिवास सिंह गुर्जर ने मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है। मंडल की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अरुण कुमार सोनी श्री प्रमोद सिंह संजय गुर्जर अजीत यादव अशोक कषाना लक्की सवीता कुलदीप श्रीवास, महामंत्री राज राठौर, मंत्री चंदन सिंह कुशवाह श्री किशन नरवरिया रामहरि पाल आकाश यादव (कल्लू) सूरज पाल संजय राठौर दीपन्द्र सिंह पाल, कोषाध्यक्ष दिनेश श्रीवास, कार्यालय मंत्री सौरभ पाल, मीडिया प्रभारी आकाश यादव, सह मीडिया प्रभारी हरिपाल सिंह गुर्जर, सोशल मीडिया प्रभारी रामगोपाल सिंह जाट, सह सोशल मीडिया प्रभारी गिर्राज सिंह राठौर, कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह राजपूत, जोगेंद्र यादव, हरेंद्र गुर्जर, कमलेश खरे, श्याम चरण सोनी, बेटू यादव, विनोद यादव, मनोज सिंह है।

पं. चन्दर जैन कोषाध्यक्ष मनोनीत

ग्वालियर। जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में परम पूज्य गणिनी प्रमुख ज्ञानमति माताजी के ससंघ मंगल सानिध्य में आयोजित तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में ग्वालियर के प्रसिद्ध जैन विद्वान प्रतिष्ठाचार्य पं. चन्द्र प्रकाश जैन ०चन्दर० को महासंघ का पुनः कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासंघ के गौरव अध्यक्ष जम्बूद्वीप पीठाधीश कर्मयोगी स्वस्ति रविन्द्र कीर्ति स्वामी जी ने नवीन कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा करके अपना और गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी ससंघ का आशीर्वाद प्रदान किया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन बताया कि ग्वालियर जैन समाज की प्रमुख धार्मिक संस्थाओं जैन मिलन, सकल जैन महापंचायत, पुलक चेतना मंच, युवा जागरण मंच आदि अनेक संस्थाओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

ज्ञान प्राप्त करना सरल है, लेकिन ज्ञान के साथ विनय होना बहुत कठिन है : मुनिश्री

मुनिश्री की गुरुभक्तों ने भक्ति के साथ आहराचार्य कराई, भजन गायक आरती की

ग्वालियर। दुनिया में पहचान अहंकार से नहीं संस्कार से बनती है जिसके जीवन में संस्कार होते हैं वह दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना लिया करते हैं। विनयवान व्यक्ति जीवन में बहुत उन्नति प्राप्त करता है। ज्ञान प्राप्त करना सरल है, लेकिन ज्ञान के साथ-साथ विनय होना बहुत कठिन है। ज्ञान अंगूठी है और विनय उसमें चढ़ा हुआ नग है। अदब सीखना है तो कलम से सीखो, जब भी चलती है तो सर झुका कर के चलती है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज मंगलवार को नई सड़क स्थित प्रेमचंद्र संजय पंडवीय के निवास पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि जिसके जीवन में नम्रता, कोमलता एवं गुणग्रहण की दृष्टि हुआ करती है वह अपने जीवन में बहुत आगे उन्नति कर लेता है। विनय के साथ विद्या प्राप्त होती है, धन प्राप्त होता है। वहीं जो व्यक्ति अहंकारी होता है वह भोजन में कंकड़ के समान होता है और जो व्यक्ति विनयवान होता है वह जीरा के समान होता है। कंकड़ से कुरकुरा भी किरकिरा हो जाता है और जीरा डालने से उसमें स्वाद और जायका बढ़ जाता है। इसलिए अपने जीवन में अहंकार को स्थान ना देते हुए विनय गुण ही स्थान दें, क्योंकि विनय के माध्यम से लोग आकर्षित होते हैं। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनि श्री विनय सागर जी महाराज का दाना ओली के गुड़ा गुड़ी का नाका जैन मंदिर के लिए मंगल विहार हुआ। मुनिश्री के मंगल प्रवचन 9 बजे से जैन मंदिर गुड़गुड़ी का नाका पर होंगे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि नई सड़क पर मुनिश्री विनय सागर महाराज की आहराचार्य श्री प्रेमचंद संजय कुमार किरण जैन के निवास पर मुनिश्री की नवधा भक्ति के साथ आहारचर्या कराई। आहारचर्या के उपरांत भक्तों ने गुरु मेरे सर पर रखा दो दोनों हाथ..गुरु मेंरी मेरी नैया उस पार लगा देना.. गुरु के दरबार में भक्तों को मिलता है आशीष.. जैसे भजनों की प्रस्तुति के साथ दीपों के मंगल आरती उतारकर मंगल आशीर्वाद लिया।

संत आशाराम बापू का 59वां साक्षात्कार दिवस धूमधाम से मना

ग्वालियर।

संत आसाराम बापू के साक्षात्कार दिवस को मनाने के लिए आश्रम ग्वालियर में भारी संख्या में अंचल के आसपास से भक्तों का सुबह से हीआना प्रारंभ हो गया था। जहां पर सभी ने चरण पादुका पूजन व्यास पीठ बड़ दादा पीपल बादशाह गुरु मंदिर की श्रद्धा पूर्वक परिक्रमा कर आशीर्वाद ग्रहण किया। सभी भक्तों ने दोपहर आयोजित सत्संग पाठ में ऑडियो वीडियो के माध्यम से पूज्य श्री की अमृत वाणीश्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सभी भक्तों ने महान पुनीत पर्व पर भाव पूर्वक प्रार्थना में हे गुरुदेव ऐसी कृपा करो हम आपके बताए रास्ते पर चलकर। भव सागर से पार हो जावे। आपकी नित्य निरंतर बरसती कृपा प्रसादी को पाकर जीवन की सांझ ढले उससे पहले जीवनदाता का दीदार कर लें। दोपहर असोजसुदी द्वितीया को 59वर्ष पूर्व सांई लीलाशाह बापू की कृपा प्रसादी पाकर साक्षात्कार को उपलब्ध हुए थे।तभी से पूज्य गुरुदेव के करोड़ों शिष्य देश विदेश में इस पुनीत पर्व को धूमधाम से मनाते चले आ रहे हैं।

कार्यक्रम का आयोजन अर्जुन भाई नरेश भाई की देखरेख में किया गया था।विशेष रूप से शामिल होने वालों में दिलीप हंदवानी, लखमीचंद हरीश डींगरा, आर जी चोरसिया, परशुराम भदौरिया,बीपीएस सेंगर, प्रधान सिंह भदौरिया आदित्य भाई, ज्ञान भदौरिया, विकास गुप्ता, गोविंद राठौर, हितेश भाई,संजीव शर्मा, मंडल की श्रीमती कल्पना शर्मा, इत्यादि समेत पदाधिकारी गण शामिल रहे।

आयोग आपके द्वार : मप्र मानव अधिकार आयोग ने ग्वालियर में की जनसुनवाई

32 मामले सुने गये, 23 मौके पर निराकृत, शेष नौ मामलों में पुनः प्रतिवेदन मांगा

ग्वालियर। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार (27 सितम्बर) को कलेक्टर कार्यालय ग्वालियर में केवल पूर्व लंबित मामलों की ही जनसुनवाई की। आयोग के माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार जैन एवं सदस्य मनोहर ममतानी ने आवेदकों व जिलाधिकारियों से रूबरू होकर कुल 32 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई में मप्र मानव अधिकार आयोग में पुलिस अधीक्षक एवं ग्वालियर जिले के मामलों के प्रस्तुतकर्ता अधिकारी श्री एमएल चैरसिया, ग्वालियर जिले के कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, एडीएम श्री एच बी शर्मा, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित मानव अधिकार हनन मामलों से संबंधित विभागों के जिलाधिकारी एवं आवेदक मौजूद थे। जनसुनवाई में कुल 32 मामले सुने गये।

मूर्तिकार पर हमला, नकदी-सोना लूटा

घर लौटते समय तीन बदमाशों ने बेरहमी से पीटा, बेहोश होने पर लूटकर भागे

ग्वालियर। ग्वालियर में एक मूर्तिकार पर तीन लोगों ने लाठी और सरिए से इतना पीटा की वह बेहोश हो गया। हमलावर मोबाइल, 4500 रुपए नकद और सोने का पैंडल लूट लेकर फरार हो गए। घटना मानस भवन फूलबाग के पास की है। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शहर के सिटी सेंटर स्थित द्वारिकापुरी निवासी कुलदीप शाक्य पुत्र कैलाश चंद्र शाक्य मूर्तिकार हैं और अभी उसने अपनी दुकान शहर के फूलबाग इलाके में होटल क्लार्क इन सूइट्स के पास लगाई हुई है। रात को वह दुकान का काम खत्म कर वापस घर जा रहा था और अभी मानस भवन के पास पहुंचा ही था कि तभी उसका रास्ता तीन युवकों ने रोका और उससे लूटपाट करने का प्रयास किया, तो कुलदीप ने उनका विरोध किया। विरोध को देखते हुए बदमाशों ने उस पर सरिया, लाठी और डंडे से हमला कर दिया। बदमाशों ने कुलदीप पर तब तक हमला किया, जब तक वह बेहोश होकर गिर ना पड़ा। उसके बाद बदमाशों ने उसकी जेब में रखे 4500 रुपए और मोबाइल के साथ ही गले में पहना हुआ सोने का पैंडल लूट कर भाग गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब कुलदीप को बेहोशी की हालत में घायल पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां पर कुलदीप के होश में आने के बाद घटना का पता चला तो पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों की तलाश : पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सभी बदमाश 20 से 25 साल के बीच कह उम्र के थे और बोल-चाल में भी स्थानीय लग रहे थे। अब पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए आस-पास लगे कैमरों के साथ ही आने जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

जीवाजी विश्वविद्यालय : अवेयरनेस ऑन स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप एवं इंडस्ट्री रेडीनेस कार्यक्रम संपन्न

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आज मंगलवार को डिजायर इन्क्यूबेशन सेंटर जीवाजी विवि एवं आईआईडी(इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट)के संयुक्त तत्वावधान में अवेयरनेस ऑन स्टार्टअप एंटरप्रेन्योरशिप एवं इंडस्ट्री रेडीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी व आईआईडी के डायरेक्टर कमल भोला ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं को स्टार्टअप के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस हेतु माननीय कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी एवं आईआईडी के डायरेक्टर कमल भोला ने एप लांच किया उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है इसलिए एप के माध्यम से आप स्टार्टअप एवं एंटरप्रेन्योरशिप की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है। जो छात्र स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक है उनको माननीय कुलपति ने मंच पर बुलाकर

पौधा देकर शुभकामनाएं दी।

प्रो.अविनाश तिवारी ने कहा कि आज हमारे देश का युवा वर्ग विकास की ड्राइविंग सीट पर बैठा हुआ है।इन प्रतिभाशाली,ऊर्जावान,शिक्षित युवा शक्ति को मार्गदर्शन की आवश्यकता है।छात्रों के मन में प्रश्न होता है कि शिक्षा पूरी होने पर उनके लिए रोजगार एवं व्यवसाय के क्या अवसर उपलब्ध है।इसलिए आईआईडी का उद्देश्य देश के प्रतिभावान शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।उन्होंने कहा कि विवि के माध्यम से सरकार स्टार्टअप का अवसर दे रही है।विवि में स्टार्टअप एवं इंक्यूबेशन सेंटर खोल रखा है जिससे छात्रों को स्टार्टअप का नया मौका मिलेगा इसमें विवि हर संभव मदद करेगा।

आईआईडी के डायरेक्टर कमल भोला ने कहा कि हमारे पास विकल्प क्या है,हमारे पास विकल्प है स्वयं का स्टार्टअप जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे।हमारे प्रधानमंत्री जी का नारा भी है आत्मनिर्भर भारत इससे आप आत्मनिर्भर बनेंगे।एप के अंदर आपको स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप, लगभग 200 कोर्सेस एवं कैरियर काऊंसिल भी मिलेगी।

सेवा पखवाड़े के तहत गौशालाओं में हुआ टीकाकरण

पशुओं का निःशुल्क उपचार भी किया गया

ग्वालियर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत ग्वालियर जिले में लंपी वायरस पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पशुपालकों को लंपी वायरस की रोकथाम, उपचार व सावधानियाँ भी बताई जा रही हैं। इस कड़ी में पशुपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा मंगलवार को लाल टिपारा गौशाला, रानी घाटी गौशाला व जुझारपुर गौशाला सहित अन्य गौशालाओं में सेवा पखवाड़े के तहत गौवंश का टीकाकरण किया। साथ ही निःशुल्क उपचार भी किया गया।

उप संचालक पशुपालन डॉ. के एस बघेल ने बताया कि लाल टिपारा गौशाला में स्वामी संत ऋषभ देवानंद , वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार महेश्वरी, डॉ. ए के तोमर,

डॉ. उमेश दांतरे सहित अन्य समाजसेवियों एवं पशुपालन विभाग के अमले ने गौपूजन किया। साथ ही गौवंश को हरी सब्जी व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर पंचगव्य औषधियों के बारे में जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर गौशाला में गौवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही टीके भी लगाए गए। इसी तरह रानीघाटी गौशाला व जुझारपुर गौशाला में भी सेवा पखवाड़ा के तहत गौवंशीय पशुओं का निःशुल्क उपचार व टीकाकरण किया गया।

ग्राम पंचायतें भी सक्रिय भूमिका निभायेंगीं

ग्वालियर। जिले में गौवंश को लंपी वायरस से बचाने में ग्राम पंचायतें भी सक्रिय भूमिका निभायेंगीं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने एक आदेश जारी कर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व सहायक सचिव सहित विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए हैं कि लंपी वायरस की रोकथाम में पूर्ण सहयोग करें।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि गाँव के किसी पशु में लंपी वायरस के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित करें। साथ ही जिन पशुओं में लंपी वायरस के लक्षण दिखाई दें, उन्हें अन्य पशुओं से अलग रखने की व्यवस्था भी की जाए। ग्राम पंचायत सचिवों को यह भी हियायत दी गई है कि लंपी वायरस जैसे लक्षण से पशुओं की मृत्यु होने पर उन्हें गहरा गड्ढा खोदकर नमक व चूना इत्यादि डालकर दफनाएँ, जिससे लंपी वायरस के फैलने की संभावना न रहे। आदेश में यह भी कहा गया है कि ग्राम पंचायतें लंपी वायरस को लेकर पूरी तरह सतर्क व मुस्तैद रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478